

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | गुरूवार, 23 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 337, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा मुख्यमंत्री योगी ने की लोक कल्याण की कामना

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल सहित त्रिवेणी संगम में किया स्नान और पूजन

### धर्म, संस्कृति और आस्था के सबसे बड़े महोत्सव में पवित्र स्नान कर पूरी सरकार ने दिया संदेश

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम में पावन डुबकी लगाकर समूचे विश्व के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्नान आत्मिक शांति, धार्मिक समर्पण और समाज कल्याण का संदेश देता है। त्रिवेणी संगम का स्नान केवल व्यक्तिगत शुद्धि नहीं, बल्कि समग्र लोक कल्याण का आह्वान है। महाकुम्भ 2025 के इस दिव्य आयोजन में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं और संगम में पावन डुबकी लगा रहे हैं. यह स्नान धर्म, संस्कृति और आस्था का संदेश देता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मशुद्धि का पवित्र आह्वान भी है। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। संगम स्नान से जनमानस को यह संदेश मिलता है कि धर्म और संस्कृति की शक्ति से जीवन में शुद्धता और समृद्धि लाई जा सकती है।



**संगम में उतरी पूरी सरकार**

त्रिवेणी संगम वह पवित्र स्थल है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। इसे मोक्ष प्राप्ति और आत्मा की शुद्धि का केंद्र माना जाता है। शास्त्रों में संगम स्नान को सभी पापों से मुक्त करने और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग बताया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने सबसे पहले अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात, मोटरबोट के माध्यम से संगम पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार और हवन के साथ स्नान संपन्न किया।

मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्रियों और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्रियों ने विधिवत संगम में स्नान और पूजन किया।

**महाकुम्भ और सनातन संस्कृति का वैश्विक संदेश**

यत्र गङ्गा च यमुना, सरस्वती च पुण्यदा
स्नानेन तत्र तीर्थे, मोक्षः स्यात सुखमात्मनः

अर्थात जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है, वहां स्नान करने से आत्मा को मोक्ष और शांति मिलती है। समस्त मंत्रिमंडल ने इसी आध्यात्मिक अनुभूति के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान कर पूरी दुनिया को संदेश दिया। यह न केवल आस्था और विश्वास का प्रतीक बना, बल्कि जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करने का भी अवसर बनकर सामने आया। यह आयोजन सनातन धर्म के मूल्यों को स्थापित करते हुए समाज में शांति, समृद्धि और समर्पण का संदेश देता है। इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ धार्मिक परंपरा के पालन का, बल्कि लोककल्याण और विश्वशांति का भी संदेश दिया गया।

**दूसरी बार मंत्रिमंडल का संगम स्नान**

योगी सरकार में यह दूसरा अवसर है, जब पूरे मंत्रिमंडल ने एक साथ कुम्भ के सुअवसर पर संगम स्नान किया है। इससे पूर्व 2019 में भी तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित कुम्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री और समस्त मंत्रिमंडल के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम की धारा में पवित्र स्नान किया था।

## मंत्रिमंडल की बैठक भी हुई संपन्न

इससे पूर्व, योगी सरकार ने महाकुम्भ में कैबिनेट बैठक का भी आयोजन किया। बैठक में यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में आयोजित की गई। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया, क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

## जदयू ने बीजेपी को मणिपुर में दिया झटका

**नई दिल्ली**
मणिपुर में जनता दल (यूनाइटेड) ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया है। जेडीयू के एकमात्र विधायक मोहम्मद अब्दुल नासिर अब विपक्ष का हिस्सा होंगे। बता दें कि जेडीयू एनडीए घटक दल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि, जेडीयू के इस फैसले से बिरेन सिंह के सरकार को कोई खतरा नहीं है। बता दें कि कुछ दिनों पहले कॉनराड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी ने भी बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। बता दें कि साल 2022 विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने राज्य की छह सीटें जीतीं। हालांकि, पांच महीनों बाद छह में से पांच विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 37 विधायक हैं। इसे नगा पीपुल्स फ्रंट के पांच विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिससे इसे आरामदायक बहुमत मिल गया है।

## शाही ईदगाह मस्जिदः सर्वेक्षण पर रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का न्यायालय की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी। यह परिसर कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के पास स्थित है, जो हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक महत्व का स्थल है।






# महाकुम्भ में त्रिवेणी तट पर बड़ा फैसला, काशी तक आएगी गंगा एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी होगी कनेक्ट

## प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र तक बनेगा विंध्य एक्सप्रेसवे, 320 किमी होगी लंबाई, 144 वर्ष के बाद महाकुम्भ के शुभ संयोग पर त्रिवेणी तट पर हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक, सभी मंत्रीगण रहे उपस्थित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयाग में 144 वर्ष के बाद महाकुम्भ के शुभ संयोग पर लोककल्याण का संकल्प लेकर बैठी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़े फैसले लिए हैं। पावन त्रिवेणी तट पर हुई कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक में 320 किलोमीटर लंबाई वाले 'विंध्य एक्सप्रेसवे और 100 किमी लंबाई वाले विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति दी गई। विशेष कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित और प्रकरण एक्सप्रेसवे के माध्यम से कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से आच्छादित हैं और अब दूरवर्ती दक्षिणी-पूर्वी विंध्य क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लंबाई वाले नए नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना चाहिए। इस नए एक्सप्रेस में का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा, जबकि सोनभद्र में एनएच 39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी, साथ ही, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित हो सकेगा।

इसी प्रकार, विंध्य एक्सप्रेसवे पर चंदौली से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना उचित होगा। इसकी लंबाई लगभग 100 किमी होगी।

प्रयागराज को बड़ा उपहार देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में सलोरी से हेतापट्टी तक नए ब्रिज के निर्माण की भी आवश्यकता जताई। उक्त के साथ ही बैठक में साथ ही शास्त्री ब्रिज और यमुना सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर नया ब्रिज को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीनों ब्रिज स्मार्ट प्रयागराज की परिकल्पना को आकार देने वाले होंगे।

त्रिवेणी तट पर हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरी सरकार ने 'सुरक्षित और समृद्ध उत्तर प्रदेश' के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। त्रिविधि ताप-पाप नाशिनी गंगा, कूर्मवाहिनी यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के पावन संगम तट पर एकजुट पूरी योगी सरकार ने राज्य के गरीब युवाओं, किसान और महिलाओं के हित में कई निर्णय लिए। गंगा तीरे बने त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वय के साथ सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्य मंत्री गणों की उपस्थिति रही।

महाकुम्भ नगर बना मंदिरों का नया शहर






## विद्याकुम्भ प्राथमिक विद्यालय से संवर रहा श्रमिकों के बच्चों का भविष्य'

**उत्तर** प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बुधवार को महाकुम्भ-2025 के मेला क्षेत्र में संचालित ह्यविद्याकुम्भह्ण प्राथमिक विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों से संवाद कर व्यवस्थाओं का आकलन किया और शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की।

इससे पहले, मंत्री संदीप सिंह ने तीर्थराज प्रयाग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की ऐतिहासिक बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री और सभी मंत्रीगण ने त्रिवेणी संगम पर स्नान किया और गंगा पूजन व आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद लिया।

**सरकार गरीब और वंचित बच्चों की शिक्षा के प्रति संकल्पबद्ध**

विद्याकुम्भ प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा, 'विद्याकुम्भ प्राथमिक विद्यालय श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा का एक नया अध्याय लिख रहे हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में यह प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश सरकार गरीब और वंचित बच्चों की शिक्षा के प्रति संकल्पबद्ध है।'

**बच्चों और शिक्षकों से किया संवाद**

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने शिक्षकों से विद्यालय की व्यवस्थाओं और उनकी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ जैसे धार्मिक आयोजन में शिक्षा की यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार बनेगी।

**श्रमिक बच्चों के लिए शिक्षा का उजियारा हैं 'विद्याकुम्भ' विद्यालय**

महाकुम्भ-2025 के दौरान श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ह्यविद्याकुम्भ' प्राथमिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत मेला क्षेत्र में पाँच स्थायी और आठ अस्थायी विद्यालय संचालित हैं। विभागीय तैयारियों के अनुसार, इन्हें मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में विस्तारित करने की योजना है। वर्तमान में स्थायी रूप से संचालित विद्यालयों में 5,00 से अधिक बच्चों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है, और इस संख्या को 1,000 तक पहुँचाने का लक्ष्य है।

## एससीआर की तर्ज पर प्रयागराज-चित्रकूट और वाराणसी के लिए बनेंगे दो नये डेवलपमेंट रीजन

### महाकुम्भ नगर में कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया पत्रकारों से संवाद दी

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**महाकुम्भ नगर। प्रदेश के** विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने महाकुम्भ में त्रिवेणी तट पर कैबिनेट बैठक करके विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मंत्रिपरिषद की इस ऐतिहासिक बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों तक विकास को प्रशस्त करने के लिए स्वीकृत किये गये 'मास्टर प्लान' के अंतर्गत जहां स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर दो नए रीजन बनाए जाएंगे, वहीं दो नये लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा और यमुना नदी पर दो बड़े पुलों का भी निर्माण किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी बुधवार को महाकुम्भ नगर में आयोजित कैबिनेट की बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को दी। इस अवसर पर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित मंत्रीपरिषद् के सभी सदस्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 144 वर्ष के अंतराल पर प्रयागराज में महाकुम्भ के शुभ संयोग पर महाकुम्भ नगर में मंत्रीपरिषद् की अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट की बैठक में चित्रकूट, प्रयागराज, मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

**प्रयागराज-चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन को मिली मंजूरी**

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज-चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन को स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया है। यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा और इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**वाराणसी-विंध्य डेवलपमेंट रीजन पर जोर**

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में वाराणसी-विंध्य डेवलपमेंट रीजन के विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए विशेष योजनाओं पर काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं प्रदेश की बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेंगी और आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।

**गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार**

उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से मिजार्पुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर तक विस्तार दिया जाएगा। यह नया लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से भी जुड़ जाएगा, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और सशक्त होगी। इसके अलावा वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र को जोड़ने के लिए नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। इन दोनों प्रोजेक्ट को 'प्रयागराज-विंध्य-काशी एक्सप्रेसवे' के रूप में विकसित किया जाएगा।

**नए पुलों और ब्रिजों का निर्माण**

सीएम योगी ने कहा कि यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए सिक्स लेन पुल के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही सलोरी-हेतापट्टी-झूंसी के बीच फोर लेन ब्रिज की मंजूरी दी गई है, जो प्रयागराज को मीरजापुर, जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ और गोरखपुर से जोड़ेगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है। साथ ही रीवा नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी गई है।

**कैबिनेट द्वारा स्वीकृत अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव**

**उत्तरप्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी**

## 62 आईटीआई होंगे अपग्रेड, 5 सीआईआईआईटी की स्थापना

**टाटा** टेक्नोलॉजी लि. (टीटीएल) के सहयोग से प्रदेश के 62 आईटीआई को अपग्रेड करने और 5 सीआईआईआईटी (सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्वेंशन, इंक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग) की स्थापना किए जाने के लिए सरकार एवं टीटीएल के मध्य एमओयू की भी मंजूरी दी गई। एमओए के तहत परियोजना की कुल लागत 3634 करोड़ रुपए से ज्यादा है, जिसमें टीटीएल का योगदान 2851 करोड़, जबकि सरकार का योगदान 783 करोड़ से ज्यादा का रहेगा। एमओए की अवधि 11 वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष परियोजना क्रियान्वयन की तैयारी के लिए निर्धारित है। 10 वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति से परियोजना को रिन्यू करने पर विचार किया जाएगा। एमओए के तहत इंडस्ट्री 4.0 की मांग के अनुसार टीटीएल द्वारा 62 आईटीआई में 11 लांग टर्म एवं 23 शॉर्ट टर्म कोर्सेज चलाए जाएंगे। टीटीएल के प्रशिक्षकों द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षकों और प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को भी दक्ष किया जाएगा। सफल प्रशिक्षणार्थियों को टीटीएल की सहयोगी कंपनियों में अप्रेंटिसशिप व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से लांग टर्म कोर्सेज में प्रति वर्ष लगभग 6000 तथा शॉर्ट टर्म कोर्सेज से प्रति वर्ष लगभग 6500 समेत कुल 12500 अभ्यर्थी प्रशिक्षित होंगे।

## आगरा में नवीन आवासीय परियोजना को मंजूरी

योगी सरकार ने आगरा में नवीन आवासीय परियोजना के लिए भी मंजूरी दी है। वहीं, आगरा विकास प्राधिकरण की 100 मी. चौड़ी इनर रिंग रोड एवं लैण्ड पार्सल योजना को भी मंजूर किया है। इसके अलावा आगरा की 442.4412 हेक्टेयर भूमि के वर्ष 2010 के सर्किल रेट और वर्तमान सर्किल रेट के अंतर की धनराशि 204.34 करोड़ की अनुग्रह धनराशि के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने अनुमोदित कर दिया है। दूसरी ओर उ०प्र० राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के औद्योगिक विकास क्षेत्र से ग्राम रहनकलां एवं रायपुर की भूमि को अलग करने के लिए औद्योगिक विकास विभाग की अधिसूचना को तत्सीमा तक संशोधित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान की गई है। इससे आगरा विकास प्राधिकरण को आवासीय योजना हेतु लैण्ड बैंक उपलब्ध होगा तथा उक्त क्षेत्र का सुनियोजित विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

## प्रयागराज, वाराणसी एवं आगरा नगर निगम के लिए जारी होंगे म्युनिसिपल बॉण्ड

नगर निगम प्रयागराज, वाराणसी एवं आगरा के लिए म्युनिसिपल बॉण्ड निर्गत करने तथा अवस्थापना विकास निधि के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं, म्युनिसिपल बॉण्ड के जरिए धनराशि मार्केट से जुटाने पर प्रत्येक 100 करोड़ रुपए के सापेक्ष 13 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन की धनराशि एस्क्रो अकाउंट में डालने का प्रावधान किया गया है। दूसरी ओर, नगर निगम आगरा में 50 करोड़, प्रयागराज में 50 करोड़ तथा वाराणसी में 50 करोड़ तक के म्युनिसिपल बॉण्ड निर्गत किया जाना प्रस्तावित है।

## मौनी अमावस्या के लिए किए जा रहे मकर संक्रांति से भी वृहद इंतजाम

### डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में लगाई डुबकी, बोले सुगम यातायात, साफ-सफाई के लिए बढ़ाएंगे मैनपावरं

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भनगर। मौनी** अमावस्या पर श्रद्धालुओं के लिए मकर संक्रांति से भी बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। यह बात बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में पुण्य स्नान के बाद कहीं। डीजीपी ने संगम पर सभी तैयारियां परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीजीपी ने सुगम यातायात और साफ सफाई के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

**वीआईपी और आम सभी लोगों को एक सामान सुविधाएं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी कैबिनेट ने आज पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इससे पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में डुबकी लगाई और सुरक्षा व प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मौनी अमावस्या के दौरान मकर संक्रांति से भी वृहद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने संगम तट पर साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आम श्रद्धालुओं को भी वही सुविधाएं दी जा रही हैं जो वीआईपी को उपलब्ध हैं। इसके लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाया गया है, ताकि किसी को कोई असुविधा न होने पाए।



**विदेशी श्रद्धालु ने की सराहना**

स्नान के दौरान डीजीपी से दक्षिण अफ्रीका के एक श्रद्धालु ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। श्रद्धालु ने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं अनुकरणीय हैं और धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन का बेहतर इंतजाम किया गया है।

## एआई चैटबॉट का नया अवतार बताएगा एक किमी दायरे की पार्किंग, फूड कोर्ट और अस्पताल

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को अब किसी भी सुविधा और जानकारी के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चैटबॉट का नया अवतार आ गया है। इसके अलावा इसमें तीन नए फीचर भी बढ़ाए गए हैं। एआई आधारित चैटबॉट श्रद्धालुओं को उनके एक किमी दायरे में पार्किंग, फूड कोर्ट और अस्पताल की सटीक जानकारी उपलब्ध कराएगा।

**महाकुम्भ मैपिंग और सेक्टर गाइडेंस में सहायक**

एआई चैटबॉट न केवल श्रद्धालुओं को महाकुम्भ की सम्पूर्ण मैपिंग दिखाएगा, बल्कि हर सेक्टर की विशेष जानकारी और गूगल मैप लिंक भी प्रदान करेगा। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि इस चैटबॉट के जरिए लोग पार्किंग, ट्रांसपोर्ट, बैंकिंग, पब्लिक वॉटर एटीएम और अन्य सुविधाओं की जानकारी सेकेंडों में पा सकते हैं।

**रियल टाइम पीडीएफ और क्यूआर स्कैन की सुविधा**

चैटबॉट के जरिए श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार रियल टाइम पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं, जिसमें शौचालय, खोया-पाया केंद्र, प्रदर्शनियां और अन्य उपयोगी स्थानों की जानकारी होगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी सीधे आपके मोबाइल पर आ जाएगी।

**तकनीक-आस्था के संगम ने आसान की दुनिया के सबसे बड़े आयोजन की राह**

अब तक लाखों श्रद्धालु इस एआई चैटबॉट का उपयोग कर चुके हैं। इसके प्रभावी और आसान उपयोग से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को व्यापक सहूलियत मिल रही है। चैटबॉट के जरिए तकनीक और आस्था के संगम से दुनिया के सबसे बड़े आयोजन को सरल और व्यवस्थित बनाया जा रहा है। महाकुम्भ में यह चैटबॉट न केवल जानकारी देगा, बल्कि श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी बेहतर बनाएगा।

## महाकुम्भ में जल्द शुरू होगी एक और हेलीकाप्टर सेवा

महाकुंभनगर। महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से भी जल्द हेलीकाप्टर सेवा शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। श्रद्धालु आसमान की ऊंचाइयों से महाकुम्भ के दर्शन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिचित होंगे। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को जॉय राइड का आनंद देने के लिए पहले से एक हेलीकाप्टर संचालित किया जा रहा है।

**बोट क्लब के पास स्थित हेलीपोर्ट से संचालित होगी सेवा**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पर्यटकों की रुचि को देखते हुए ईको टूरिज्म डेवलमेंट बोर्ड ने एक समझौत किया है। यह सेवा महाकुम्भ नगर में बोट क्लब के पास स्थित हेलीपोर्ट से संचालित होगी। पर्यटक 1296 रुपए में 7-8 मिनट तक भ्रमण करेंगे। इसकी बुकिंग बोर्ड की वेबसाइट ६६६.४स्त्रीूङ्ग्ङ्ग१.ल्ल से की जा सकती है। हेलीकाप्टर में उड़ान के साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको साइट्स के बारे में विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को बताया जाएगा।

**प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक के साथ प्राकृतिक रूप भी समृद्ध**

जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश धार्मिक आध्यात्मिक रूप से जितना महत्वपूर्ण है उतना ही प्राकृतिक रूप से भी। भारत के स्वीट्जरलैंड के नाम से विख्यात सोनभद्र, जहां पर 1400 मिलियन वर्ष पुराना सलखन फासिल्स पार्क जैसे कई आकर्षण हैं।

## महाकुम्भ में श्रद्धालु एक साथ कर सकेंगे सभी प्रमुख मंदिरों के दर्शन

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में आए श्रद्धालु देश के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन एक साथ कर सकेंगे। यहां तिरुपति बालाजी का मंदिर बनकर भक्तों के लिए तैयार है तो राम मंदिर, मेहंदीपुर बालाजी के मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें भी देखी जा सकती हैं। इनके साथ साथ अक्षरधाम, चार धाम, खाटू श्याम, मां कामाख्या देवी, इस्कॉन मंदिर श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

**बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालु**

महाकुम्भनगर में हर दिन लाखों श्रद्धालु यहां जुट रहे हैं और भक्ति के साथ-साथ स्वादिष्ट प्रसाद और व्यंजनों का आनंद भी ले रहे हैं। यही नहीं, यहां पर धर्म, आध्यात्म की गंगा बह रही है। श्रद्धालुओं के लिए अन्न के भंडार खोल दिए गए हैं। यहां रबड़ी से लेकर चाय, हलवा, पूड़ी सब्जी समेत लगभग सभी प्रमुख व्यंजन उपलब्ध हैं।

**महाकुम्भ में पहली बार मिलेगा मां कामाख्या के मंदिर का चरणामृत**

श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज ने गुवाहाटी से यहां महाकुम्भ नगर में आकर श्रद्धालुओं के दर्शन को सुलभ करने का प्रयास किया है। महामंडलेश्वर के अनुसार महाकुम्भ में श्रद्धालु पहली बार मां कामाख्या का प्रतिरूप थ्रीडी के रूप में देख सकेंगे। माता की मूल प्रतिमा की मिट्टी यहां गर्भगृह में रखी जाएगी, जिसे मां का आह्वान करके यहां महाकुम्भ में लाया गया है। इसके अलावा श्रद्धालुओं को वही चरणामृत पान करने को मिलेगा।

## धर्म आध्यात्म की राजधानी करा रही देवलोक का अनुभव

**महाकुम्भ** नगर अब केवल एक शहर नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है। यहां धर्म, भक्ति और सेवा का अनोखा संगम हर भक्त को देवलोक का अनुभव प्रदान कर रहा है। सेक्टर 7, 8 और 9 इसके प्रमुख केंद्र बन गए हैं, जहां पूरे देश के बड़े मंदिरों की प्रतिकृति को स्थापित किया गया है। यहां तिरुपति मंदिर की स्थापना की गई है तो वहीं राम मंदिर भी स्थापित किया गया है। सेक्टर 7 में मेंहदीपुर वाले बालाजी का भी मंदिर बन चुका है जहां सुबह शाम भजन संध्या का आयोजन हो रहा है। यहीं नहीं सेक्टर 7 में ही उत्तराखंड राज्य के पवेलियन में चारों धाम भी स्थापित किए गए हैं। यहीं पास में अक्षरधाम मंदिर की भी प्रतिकृति स्थापित की गई है।

**अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए निरंतर प्रयास**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हम पर्यटन स्थलों पर अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा लखनऊ से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के लिए हेली सर्विस का संचालन किया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा लखनऊ से 5000 रुपये में पर्यटक दुधवा पहुंच सकते हैं। सड़क मार्ग से जहां 4 घंटे से अधिक समय लगता है वहीं वायुमार्ग से एक घंटे में ही यात्रा पूरी होगी। आप और पर बुकिंग कर सकते।

## कर्तव्य पथ पर दिखेगा 'महाकुम्भ' गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली में निकलेगी झांकी

**लखनऊ/नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर होगी। उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित "महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास को प्रदर्शित करेगी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शाएगी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है।

**देश-विदेश के श्रद्धालु करेंगे दीदार**

2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही है। ट्रैक्टर के आगे 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई है, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही है। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालु महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत कर रहे हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुक भी करेंगे।

# डाइट से आज ही कर दें इन 10 चीजों को बाहर, नहीं तो पसीना बहाने के बाद भी नहीं कम होगा वजन



**वजन कम करने के लिए सही डाइट होनी बेहद जरूरी है। हमारी डाइट में शामिल ऐसी कई चीजे हैं जो वजन कम करने के रास्ते में रोड़ा बन सकती हैं। इसलिए इन फूड्स को अपनी डाइट (Weight Loss Diet Tips) से बाहर निकालना जरूरी है। इस आर्टिकल में हम 10 ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे जो वजन बढ़ने का कारण बन सकती हैं। आइए जानें इनके बारे में।**

वजन बढ़ने की समस्या काफी आम है और इससे कई लोग परेशान हैं। इसके लिए उनके हेल्थ गोल्स में वेट लॉस भी शामिल होता है। हेल्दी तरीके से वजन कम करने के लिए रोजाना एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्दी डाइट भी जरूरी है।

खान-पान में शामिल कुछ चीजें आपके वेट लॉस के सपने पर पानी फेर सकते हैं। इसलिए अपनी डाइट में हमें काफी सोच-समझकर ही चीजों को शामिल करना (Healthy Weight Loss Diet) चाहिए। इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि वेट लॉस के लिए किन फूड्स को डाइट से बाहर निकाल देना चाहिए।

शुगरी ड्रिंक्स

सॉफ्ट ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक और फ्रूट जूस में बहुत ज्यादा मात्रा में चीनी होती है। इन ड्रिंक्स में न केवल कैलोरी ज्यादा होती है, बल्कि इन्हें ज्यादा पीने से शरीर में सूजन भी बढ़ सकती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

पैकेज्ड जंक फूड

चिप्स, बिस्किट, कुकीज और अन्य पैकेज्ड स्नैक्स में ट्रांस फैट और ज्यादा मात्रा में सोडियम होता है। ये फूड आइटम्स न केवल कैलोरी में ज्यादा होते हैं, बल्कि आपके स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होते हैं।

सफेद ब्रेड और पास्ता

ADVERTISEMENTसफेद ब्रेड और पास्ता में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा ज्यादा होती है और फाइबर की मात्रा कम होती है। ये फूड आइटम्स आपके ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से बढ़ाते हैं और आपको जल्दी भूख महसूस कराते हैं। इसके कारण वजन बढ़ने का रिस्क रहता है।

शराब

शराब में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है और यह आपके शरीर में फैट के जमाव को बढ़ावा देती है। इसके अलावा, शराब कई तरह के कैंसर का कारण भी बन सकती है। इसलिए शराब न पिएं।

मीठी दही

फ्लेवर्ड और मीठी दही में बहुत ज्यादा चीनी और आर्टिफिशियल फ्लेवर्स मिले होते हैं। इसलिए इनमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे ये आपके वजन घटाने के मिशन को बाधित कर सकते हैं।

फ्राइड फूड

फ्राइड फूड में बहुत ज्यादा कैलोरी और अनहेल्दी फैट्स होते हैं। ये फूड आइटम्स आपके वजन बढ़ाने और मोटापे के खतरे को बढ़ा सकते हैं।

रेड मीट

रेड मीट में सेचुरेटेड फैट्स की मात्रा ज्यादा होती है, जो आपके दिल के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके अलावा, ज्यादा रेड मीट खाने से शरीर में इन्फ्लेमेशन का खतरा भी बढ़ सकता है।

प्रोसेस्ड मीट

सॉसेज, बेकन और अन्य प्रोसेस्ड मीट में नाइट्रेट और नाइट्राइट होते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। ये फूड आइटम्स आपके वजन बढ़ाने और मोटापे के खतरे को भी बढ़ा सकते हैं।

आइसक्रीम

आइसक्रीम में बहुत ज्यादा चीनी और कैलोरी होती है। इन्हें खाने से आपका वजन बढ़ सकता है और डायबिटीज का खतरा भी बढ़ सकता है।

बेकरी प्रोडक्ट्स

केक, पेस्ट्री और अन्य बेकरी प्रोडक्ट्स में बहुत ज्यादा चीनी, फैट्स और कैलोरी होती है। ये फूड आइटम्स आपके वजन बढ़ाने और मोटापे के

# एक नया जुर्म नमाज़ पढ़ना



कुंभ मेला जैसे बड़े पारंपरिक आयोजनों के लिए, जहां भी विशाल संख्या में लोग जुटते हैं, उनकी धार्मिक प्रकृति चाहे जैसी भी हो, तमाम व्यवस्था संबंधी इंतजामात करने और न्यूनतम सुविधाएं जुटाने की जिम्मेदारी से कोई भी शासन बच नहीं सकता है। बेशक, इस महाकुंभ के सिलसिले में भी इस पर तो बहस हो सकती है कि क्या व्यवस्थाओं के मामले में मोदी-योगी सरकार की सभी प्राथमिकताएं, इस पारंपरिक आयोजन की प्रकृति के अनुरूप रही हैं।

बरेली, उप्र- शनिवार को उत्तर प्रदेश में बरेली की बहेरी तहसील के एक गांव में घर के एक अस्थायी टीन शेड में जुमे की नमाज अता करने के लिए ग्राम पंचायत प्रधान समेत चार मुस्लिम पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और 20 पहचानशुदा तथा अनजान व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। हिंदू जागरण सेना से जुड़े एक एक्स (पहले ट्विटर) उपयोक्ता ने नमाज अता किए जाने का एक ड्रोन फुटेज साझा किया था, जिसके बाद पुलिस ने उस स्थान को सील कर दिया और पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों की पहचान आरिफ (ग्राम पंचायत प्रमुख), अकील अहमद, मोहम्मद शाहिद और छोटे अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मुजम्मिल, कादिर अहमद और अन्य कई के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।सिर्फ और सिर्फ %सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने के जुर्म में पुलिस कार्रवाई की यह कोई पहली घटना नहीं है। मोदी-योगी के डबल इंजन राज में उत्तर प्रदेश में तो यह आए दिन की बात ही हो गयी है। सार्वजनिक जगह पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने के लिए, यहां तक कि कई मामलों में तो सार्वजनिक स्थान पर अकेले नमाज पढ़ने के लिए भी या निजी स्थानों पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने पर भी, पुलिस की कार्रवाई के मामलों की तादाद ठीक-ठाक बैठेगी। लेकिन, उत्तर प्रदेश इस मामले में अकेला ही नहीं है। मध्य प्रदेश जैसे अन्य भाजपा-शासित राज्य भी इस मामले में भी उत्तर प्रदेश के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।और यह कृपा भी सिर्फ नमाज पढ़ने वालों के लिए ही सुरक्षित नहीं है। कुछ ही हफ्ते पहले, भाजपा-शासित उत्तराखंड में एक महिला के निजी आवास पर, ईसाई प्रार्थना संबंधी आयोजन पर, इसी तरह हिंदू सांप्रदायिक संगठनों के झगड़ा खड़ा करने के बाद, पुलिस हरकत में आ गयी थी। गनीमत यही रही कि संबंधित घर की स्वामिनी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया और ऐसा कुछ भी दोबारा नहीं करने की कड़ी चेतावनी देकर ही छोड़ दिया। हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओडिशा आदि अन्य डबल इंजन सरकार शासित राज्यों में भी, क्रिसमस समेत ईसाई धार्मिक आयोजनों पर हिंदू सांप्रदायिकतावादियों की हमलों और उनके लिए पुलिस-प्रशासन की मौन सहमति की घटनाएं, कम से कम वैकल्पिक मीडिया में ठीक-ठाक संख्या में दर्ज की गयी हैं।इस तरह, मोदी राज में भारत में एक नया जुर्म स्थापित किया जा चुका है, मुसलमानों के नमाज पढ़ने का जुर्म, ईसाइयों के प्रार्थना करने का जुर्म और संक्षेप में कहें तो अल्पसंख्यकों के प्रार्थना करने का जुर्म। यहां हम जान-बूझकर अपने धर्म का पालन करने जैसी व्यापक संज्ञा का उपयोग नहीं कर रहे हैं। अपने धर्म का पालन करने की संज्ञा के दायरे में तो, हालांकि भारत का संविधान सभी नागरिकों को ठीक इतनी ही व्यापक स्वतंत्रता देता है, अपने धर्म की प्रार्थना करने से आगे भी बहुत कुछ आ जाता है। बेशक, भारत का संविधान तो इससे कई कदम आगे बढ़कर, अपने धर्म का प्रचार तथा धर्मांतरण के जरिए उसका प्रसार करने तक की इजाजत देता है। लेकिन, जैसा कि किसी से छुपा हुआ नहीं है, धर्मांतरण-विरोधी कानूनों के नाम पर, पहले ही अल्पसंख्यकों के लिए अपने धर्म के प्रचार-प्रसार को व्यवहार में जुर्म ही बनाया जा चुका था। उत्तर प्रदेश की अगुआई में प्राय: सभी भाजपायी राज्य सरकारें, इन पाबंदियों को और इस जुर्म के लिए सजा को, कड़े से कड़ा बनाने में ही लगी रही हैं। बहरहाल, इसके साथ ही अब तरह-तरह के बहानों से, अल्पसंख्यकों के प्रार्थना करने के धार्मिक अधिकार को ही निशाने पर लेने की कोशिश की जा रही है। बरेली में जो हुआ है, इसी का ताजातरीन उदाहरण है।

बरेली की घटना का पूरा अर्थ समझने के लिए, यह याद रखना भी जरूरी है कि नमाज पढ़े जाने की घटना शुक्रवार, 17 जनवरी की है और पुलिस कार्रवाई 18 जनवरी की है। इन तारीखों का महत्व, इस तरह की शिकायतों पर पुलिस की अतिरिक्त मुस्तैदी की ओर इशारा करने के अलावा यह भी है कि यह सब ठीक उस दौरान हुआ है, जब इलाहाबाद उर्फ प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, जिसकी विधिवत शुरूआत 14 जनवरी को मकर संक्रांति से हो चुकी थी। इस महाकुंभ के लिए, जो वास्तव में बारह वर्ष पर होने वाला पूर्ण कुंभ है, मोदी-योगी के डबल इंजनिया राज द्वारा जिस तरह से व्यवस्थाएं की जा रही हैं और पूरी ताकत झोंककर व्यवस्थाएं की जा रही हैं, उनकी खबरों से न सिर्फ मीडिया पटा पड़ा है बल्कि खुद शासन द्वारा तमाम सार्वजनिक विमर्श को इस प्रचार के बोझ तले दबाने की ही, काफी हद तक कामयाब कोशिशें की जा रही हैं। एक ओर, अगर बढ़ा-चढ़ाकर इसके दावे किए जा रहे हैं कि इस बार के महाकुंभ में 40 करोड़ के करीब लोग हिस्सा लेने जा रहे हैं, तो दूसरी ओर जोर-शोर से इसके भी दावे किए जा रहे हैं कि सरकार ने अपनी ओर से कुंभ मेले के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 7,000 करोड़ रुपए से अधिक प्रत्यक्ष रूप से बजट से खर्च किए जाने की जो जानकारियां सामने आयी हैं, उनके अलावा रेलवे समेत विभिन्न विभागों के जरिए, सरकार द्वारा ही किंतु अलग-अलग नामों से जितना कुछ खर्च किया गया है, उसका तो सिर्फ अनुमान ही लगाया जा सकता है।

बेशक, कुंभ मेला जैसे बड़े पारंपरिक आयोजनों के लिए, जहां भी विशाल संख्या में लोग जुटते हैं, उनकी धार्मिक प्रकृति चाहे जैसी भी हो, तमाम व्यवस्था संबंधी इंतजामात करने और न्यूनतम सुविधाएं जुटाने की जिम्मेदारी से कोई भी शासन बच नहीं सकता है। बेशक, इस महाकुंभ के सिलसिले में भी इस पर तो बहस हो सकती है कि क्या व्यवस्थाओं के मामले में मोदी-योगी सरकार की सभी प्राथमिकताएं, इस पारंपरिक आयोजन की प्रकृति के अनुरूप रही हैं; इस मेले में लखटकिया टैंटों के जो विशाल मोहल्ले बनाए गए हैं, उनके बजाए मेला भूमि समेत तमाम संसाधनों का क्या गरीब या साधारण श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए उपयोग करना ही अच्छा नहीं रहता। बेशक, इस तरह के सवाल भी अपनी जगह रहते ही हैं कि क्या वजह है कि शासन के न भूतो न भविष्यत किस्म के प्रबंध करने के दावों के बावजूद, लाखों साधारण और जाहिर है कि गरीब श्रद्धालु जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में भी, खुले आसमान के नीचे रात गुजारने पर मजबूर हैं; क्या आसमान से फूलों की बारिश कराए जाने जैसी नुमाइशी व्यवस्थाओं के मुकाबले, इन साधारण श्रद्धालुओं के लिए रात को सिर छुपाने की व्यवस्थाओं पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी नहीं था।

फिर भी, यहां हमारा इरादा इस बार के महाकुंभ की व्यवस्थाओं की किसी प्रकार की समीक्षा करने का नहीं है। ना ही हम इसकी चर्चा में जाना चाहेंगे कि इस तरह के आयोजनों पर सरकार का खर्चा करना अगर जरूरी भी हो, तब भी देश की प्राथमिकताओं तथा सामर्थ्य के हिसाब से क्या उसकी कोई सीमाएं नहीं होनी चाहिए? देश के आजाद होने के बाद, पहले कुंभ के लिए डेढ़-दो करोड़ के बजट से, 2025 के कुंभ में 7,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के खर्च तक की इस यात्रा में बेशक, शाहखर्ची का रंग दिखाई देता है। बहरहाल, हमारे तो कुंभ के प्रसंग को उठाने का आशय ही कुछ और है। कुंभ वह पर्दा है, जिसके सामने रखकर जब हम बरेली के बहेली तहसील की घटना को देखते हैं, तो उसकी भयावहता अपने असली रंग में सामने आ जाती है। आखिरकार, वही सरकार जो धार्मिक परंपरा के नाम पर, कुंभ को विशालतम और भव्यतम बनाने के लिए प्राणप्रण से लगी हुई है, उसी समय मुसलमानों को नमाज पढ़ने से रोकने के लिए, अपनी पूरी दमनकारी ताकत लगाने के लिए सन्नद्ध नजर आती है।जाहिर है कि यह हमारे संविधान के धर्मनिरपेक्ष आधार को धीरे-धीरे कमजोर किए जाने भर का मामला नहीं है। यह धर्मनिरपेक्षता स्वीकार न कर के उसकी जगह सर्वधर्म समभाव को ही स्वीकार करने की दिखावटी बहस को भी मामला नहीं है। यह तो सीधे-सीधे संविधान की धर्मनिरपेक्ष जड़ों के और उसके जरिए देश की एकता की जड़ों के ही खोदे जाने का मामला है। बेशक, अब से चंद हफ्ते पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की प्रस्तावना में से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को हटाए जाने की याचिका को, इन्हें संविधान का जरूरी आधार बताते हुए खारिज कर दिया था। इस लिहाज से बांग्लादेश, हमारे सुप्रीम कोर्ट ने जिसे नकार दिया है, उसे ही कानूनन हासिल करने की ओर बढ़ रहा है। वहां शेख हसीना के तख्तापलट के बाद आए निजाम द्वारा गठित संविधान समीक्षा निकाय ने, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को ही संविधान से बाहर करने की सिफारिश की है।लेकिन, क्या हम भी वाकई भरोसे के साथ यह कह सकते हैं कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को हमारे यहां व्यवहार में पहले ही संविधान की प्रस्तावना में से हटाया नहीं जा चुका है? बरेली की घटना से तो ऐसा कोई भरोसा होना तो दूर रहा, यही नजर आता है कि राज्य की नजरों में सभी धर्मों की बराबरी के अर्थ में भी धर्मनिरपेक्षता को बाकायदा त्याग कर, हमारे यहां व्यवहार में एक हिंदू राज कायम भी किया जा चुका है, जहां धार्मिक अल्पसंख्यकों का अपनी पूजा-अर्चना करना भी गुनाह बना दिया गया है। यह बांग्लादेश में जो प्रस्तावित है और पाकिस्तान में जो है, वैसे धर्माधारित राज से भी भयानक लगता है; वहां बहुसंख्यक धर्म के प्रति ईशनिंदा तो गुनाह है,.

## संपादकीय

# विश्व राजनीति के लिए महत्वपूर्ण घटनाएं

वैश्विक राजनीति के लिए रविवार और सोमवार के दिन खास महत्वपूर्ण हो गए हैं। एक तरफ रविवार को इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की शुरुआत हो गई है। दोनों पक्षों से एक-दूसरे के बंधकों को छोड़ने का ऐलान हुआ और अब हमास ने इजरायल के कुछ बंधकों को रिहा भी कर दिया है। इधर सोमवार 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेकर डोनाल्ड ट्रंप इतिहास में अपनी अलग जगह बना चुके हैं। भारतीय समयानुसार रात साढ़े दस बजे के करीब ट्रंप का शपथग्रहण निर्धारित था।राष्ट्रपति की कुर्सी दोबारा संभालने से पहले वाशिंगटन डीसी में डोनाल्ड ट्रंप अघोषित तरीके से अपना शक्ति प्रदर्शन करते रहे। उनके सम्मान में रात्रिभोज, आतिशबाजी के कार्यक्रम हुए, जिसमें व्यापार, तकनीकी और राजनीति से जुड़ी दिग्गज हस्तियों ने हिस्सा लिया। भारत की तरफ से धनकुबेर मुकेश अंबानी अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ ट्रंप के जश्न में हिस्सा लेने पहुंचे, वहीं ट्रंप के बाएं हाथ बन चुके एलन मस्क भी ट्रंप की शान में कसीदे पढ़ते और अमेरिका को फिर से महान बनाने, बल्कि सदियों तक महान बनाने का संकल्प लेते दिखे। ये नजारे बता रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के इस दूसरे कार्यकाल में अमेरिका में न केवल पूंजीवाद का बोलबाला दिखने वाला है, बल्कि अब भू-राजनैतिक समीकरण भी काफी हद तक बदलेंगे।ट्रंप चार साल सत्ता से बाहर रहने के बाद फिर से व्हाइट हाउस लौट रहे हैं, इससे पहले ग्रोवर क्लीवलैंड के साथ भी ऐसा ही हुआ था, जिन्होंने पहली बार साल 1885 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, लेकिन 1889 में वे चुनाव हार गए थे और फिर 1893 में उन्होंने दोबारा वापसी की थी। 130 साल बाद अमेरिका फिर ऐसे ही घटनाक्रम का साक्षी बना है।हालांकि चार साल पहले जब डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेट जो बाइडेन के सामने हार मिली थी, तब उनके समर्थकों ने जिस तरह कैपिटल हिल पर हमला बोला था, वह दृश्य अमेरिकी लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अभूतपूर्व और चौंकाने वाला था। ट्रंप ने तब चुनावों में धोखाधड़ी का इल्जाम लगाया था, वे बाद में कई मौकों पर पीड़ित की तरह प्रस्तुत करते रहे और सत्ता में लौटने का ऐलान उनकी तरफ से होता रहा। पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान जुलाई में जब उन पर गोली चली और वे बाल-बाल बचे, तब इस बात की प्रबल संभावनाएं बन गईं कि अब ट्रंप सत्ता में वापसी करेंगे। इस संभावना को जो बाइडेन की गिरती साख ने और बल दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर ही बाइडेन की उम्मीदवारी पर दो फाड़ हो गए। इजरायल-फिलीस्तीन युद्ध और रूस-युक्रेन युद्ध में अमेरिका की भूमिका को लेकर बाइडेन से नाराजगी जाहिर होने लगी।

चुनाव अभियान के बीच में ही बाइडेन की जगह उनकी उपराष्ट्रपति रहीं कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना उम्मीदवार बना दिया। इन सबमें रिपब्लिकन पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप को फायदा हुआ और उन्होंने फिर से जीत दर्ज की। एलन मस्क और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोगों का ट्रंप के साथ खड़ा होना भी जो बाइडेन की हार का कारण बना।अपनी ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाने के लिए ट्रंप ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके शपथग्रहण के लिए मेहमानों की सूची से लेकर उनकी घोषणाएं सब पर चर्चा हो रही है। ट्रंप को फिर से राष्ट्रपति बनते देखने के साक्षी लोगों में एलन मस्क, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस, सुंदर पिचाई, टिम कुक जैसे तकनीकी शक्ति से लैस धन कुबेरों के अलावा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवीयर मिली, इटली की प्रधानमंत्री जियार्जिया मेलोनी, जर्मनी के अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के टीनो श्रुपाला और ब्रिटेन की पॉपुलिस्ट पाटी%रिफॉर्म पाटी के नेता नाइजल फ़राज का नाम भी शामिल है। ये सूची बताती है कि दक्षिणपंथ और पूंजीवाद को ट्रंप ने खुल कर बिना किसी झिझक के तरजीह दी है।अपने विदाई भाषण में जो बाइडन ने जैसी चेतावनी दी थी कि अमेरिका चंद टेक अरबपतियों के दबदबे वाली ओलिगार्की (अल्पतंत्र) में तब्दील हो सकता है, तो वह चेतावनी ट्रंप के नए कार्यकाल की शुरुआत के साथ ही सच होती दिख रही है। उद्योगपति चुनावों में मदद करते हैं और सत्ताधारियों को दबाव में लेकर अपने मतलब की नीतियां बनवाते हैं,

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब?

**कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है।**

सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।

राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है।इसे भी पढ़ें- ष्टद्धड्डद्व क्कड्ड स्ड्डद्वद्ठद्बह्यद्धड्ड- राहुल गांधी की हरकत बचकानी या कुछ और है कहानी, ढ्ढठ्ठस्रद्बड्ठ स्लड्डह्लद्ग्द्य से लड़ाई क्यों लड़ रहे?

यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं। दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमुना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है।




डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है।इस बार की दिल्ली की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। ÷अभी नहीं तो कभी नहीं।÷ दिल्ली के सिंहासन को छूने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल चुनाव जीतने की चिन्ता है,

अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा दिल्ली भुगत रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे। क्योंकि पार्टियां और उम्मीदवार विकास करने, समता एवं सौहार्दमूलक समाज बनाने, नयी दिल्ली निर्मित करने और जाति, मजहब और वर्गों के आधार पर चले आ रहे विभाजन को पाटने के बजाय लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ उकसाने, धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत एवं द्वेष की दीवारे खिंचने, असुरक्षा की भावना पैदा करने और अपना राजनीतिक भविष्य सुनिश्चित करने की जुगत में रहते हैं। इन जटिल एवं ज्वलंत हालातों में किस तरह लोकतंत्र मजबूत होगा? चुनाव आयोग के निर्देश, आदेश व व्यवस्थाएं प्रशंसनीय हैं, पर पर्याप्त नहीं हैं। इसमें मतदाता की जागरूकता, संकल्प और विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगे। क्योंकि चयन का विकल्प लापता/गुम है। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकाल कर ही दिल्ली के चुनाव को सकारात्मक स्वरूप प्रदान किया जा सकता है, दिल्ली को दुनिया की बड़ी राजधानियों की तुलना में खड़ा किया जा सकता है। लेकिन 2025 के विधानसभा चुनाव में ऐसा होता हुआ दिख नहीं रहा है, उसकी खोज लगता है अभी प्रतीक्षा कराएगी। प्रेषकः

# रेल राज्यमंत्री ने प्रयागराज जंक्शन पर महाकुंभ के लिए व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। बुधवार** को केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महाकुंभ -2025 के लिए किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया । इस अवसर पर महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, हिमांशु बडोनी उनके साथ थे ।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष, यात्री आश्रय एवं मेला टॉवर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान यात्री आश्रय में श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर उनका हालचाल पूछा एवं श्रद्धालुओं को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 22 भाषाओं में तैयार किए गये लीफलेट की प्रशंसा की । केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने निरीक्षण के उपरांत मेला टॉवर में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया । प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि मकर संक्रांति पर्व पर रिकार्ड 148 विशेष ट्रेनें चलाई गईं । मौनी अमावस्या के दिन 150 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है एवं मौनी अमावस्या पर 01 दिन पूर्व से 02 दिन बाद तक कुल 400 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी । यात्रियों की सुविधा के लिए कुंभ विशेष ट्रेनें चलाने के लिए करीब 200 रेक उपलब्ध कराए गए हैं । महाकुंभ-2025 के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं के लिए अन्य क्षेत्रीय रेलवे से 10,000 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है एवं स्टेशनों पर करीब 10,000 राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। वी. सोमन्ना ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा कि महाकुंभ -2025 मे राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के डबल इंजन ने अभूतपूर्व सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं। विश्व स्तर का यह भव्य आयोजन माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमन्त्री के कुशल नेतृत्व में आयोजित हो रहा है, जिसके लिए पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है । उन्होंने रेल की अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया। मीडिया के द्वारा कर्नाटक के सबसे बड़े उत्सव पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने कहा कि कर्नाटक में दशहरा एक दिन का होता है और यहाँ दशहरा हर दिन मनाया जा रहा है । केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने कहा कि स्टेशनों पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं । रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ मिलकर कार्य कर रहे हैं। महाकुंभ -2025 के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी जबकि गत कुम्भ मेला में 7000 गाड़ियों का संचालन किया गया था । प्रयागराज जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने यात्री सेवा एवं यात्री हितों की दिशा में किए जा रहे सभी रेल कार्यों तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए । यात्री आश्रयों में कलर कोडिंग, साइनेज, खानपान, प्रकाश, पेयजल, चिकत्सा बूथ, जन सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा ।

महाकुंभ -2025 के दौरान स्टेशन पर यात्रियों के प्रवेश और निकास योजना पर जानकारी के साथ स्टेशन पर यात्रियों को दिशावार यात्रानुसार गेट से प्रवेश से लेकर गाड़ी तक भेजने की व्यवस्था, यात्रियों को टिकट काउंटर पर भेजना, यात्रियों को टिकट उपलब्ध करवाना, गाड़ियों की जानकारी देना, भीड़ को नियंत्रित करना, यात्रियों के प्लेटफॉर्म पर पहुँचने पर उन्हें सुरक्षित रूप से गाड़ी के अंदर भेजना और गाड़ी में पर्याप्त यात्री हो जाने पर गाड़ी को प्रस्थान करवाने के लिए प्लेटफार्म से कंट्रोल टावर को सूचना भेजना और अन्य विभागों से समन्वय की कार्यप्रणाली पर भी जानकारी ली और इस दिशावार व्यवस्था की तारीफ की।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन की सुरक्षा प्रणाली और आपात स्थिति के लिए की गई तैयारियों की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान रैपिड एक्शन टीम एवं क्विक रेस्पोंस टीम और फायर फाईटिंग टीम के कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली को परखा, और बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए । वी. सोमन्ना ने निरीक्षण के अगले क्रम में 18 स्क्रीन से सुसज्जित सीसीटीवी कक्ष युक्त मेला टॉवर का निरीक्षण किया । मेला टॉवर में तैनात कर्मचारियों से सीसीटीवी के विषय में जानकारी ली और बेहतर समन्वय और त्वरित कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक निर्देश दिए ।

## राष्ट्रोत्कर्ष के पुरोधाओं को कल 'सनातन रत्न'

### - सेक्टर 16 स्थित दंडी स्वामी नगर में 24 जनवरी को अभिनंदन समारोह

### - राष्ट्रोत्कर्ष पुरोधाओं के लिए संत समाज की ओर से समायोजित आयोजन



सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुंभनगर :** त्रिवेणी के पावन तट पर शनिवार को राष्ट्रोत्कर्ष संत समाज भारत रत्न की तर्ज पर सनातन रत्न देगा। यह सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को दिया जाएगा। यह सम्मान श्री स्वामी डंगू जी महाराज संस्थान ( भूरा मठ अन्नक्षेत्र) की तरफ से दिया जाएगा।

अखिल भारतीय दंडी स्वामी समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविंद स्वरूप जोशी ने बताया कि समारोह में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद जी महाराज, स्वामी चिदानंद मुनि जी महाराज को भी इस सम्मान से संत समाज ने अलंकृत करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा हीरा कारोबारी प्रवीण शंकर पांड्या और दिलीप कुमार लाखी का भी आना लगभग तय माना जा रहा है। यह सभी सेक्टर 16 स्थित दंडी स्वामी नगर में अखिल भारतीय दंडी स्वामी समाज एवं अखिल भारतीय सनातन धर्म संसद की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। यहां राष्ट्रोत्कर्ष पुरोधाओं के लिए संत समाज की ओर से समायोजित आयोजन में सनातन रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

दंडी स्वामी समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता विद्या मार्तंड अरविंद स्वामी जोशी ने बताया कि सनातन परंपरा के संरक्षण तथा संवर्धन में राष्ट्र के अनेक महापुरुषों का योगदान परिलक्षित हो रहा है। संत समाज ने ऐसे राष्ट्रोत्कर्ष पुरोधाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सेक्टर 16 स्थित दंडी स्वामी नगर में 24 जनवरी को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। यहां इन पुरोधाओं को सनातन रत्न से अलंकृत किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न श्रेणी में अलग-अलग लोगों को कई चरणों की प्रक्रिया के बाद चुना गया है। कला, संस्कृति, परोपकार, हिंदुत्व दर्शन, पर्यावरण हरितक्रांति, गंगादिआदि मात्रि नदियों के संरक्षण, मठ-मंदिरों के संवर्धन करने वालों का अभिनंदन किया जाएगा।

## कलाग्राम की कलाकारी देख मंत्री शेखावत मंत्रमुग्ध

### सांस्कृतिक कार्यक्रम पर झूमे दर्शक





सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुंभ नगर। कलाग्राम पहुंचे केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यट**न मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कलाकारों की बेहतरीन कला देखकर मंत्रमुग्ध हुए। उन्होंने जमकर सराहना की। मंत्री शेखावत ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाए बनाए गए सांस्कृतिक गांव कलाग्राम का बुधवार को भ्रमण किया। केंद्र के प्रभारी निदेशक ने कलाग्राम पहुंचने पर पर्यटन मंत्री का स्वागत किया। मंत्री शेखावत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय अभिलेखागार, राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा स्थापित अविरल शाश्वत कुंभ (प्रदर्शनी क्षेत्र) एवं कलाकृतियों को देखा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों प्रस्तुति देने आए कलाकारों से बातचीत की। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के रंगमंडल समूह द्वारा चितरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में मंचित नाटक 'समुद्र मंथन' को देखा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देश की कला-संस्कृति को एक छत के नीचे सजीवता से प्रदर्शित करने के हमारे उद्देश्य को जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मिलना पूरी टीम के लिए हर्ष का विषय है। महाकुंभ प्रयागराज में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की प्रस्तुति ह्यकलाग्रामह्ल को श्रद्धालुओं और पर्यटकों से सराहना मिल रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दसवें दिन विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम की शुरूआत जम्मू कश्मीर से आए खेमराज एवं दल द्वारा फसल की कटाई के दौरान ढोल, बांसुरी, कायल, शहनाई की धुन से हुई। हर्ष और उल्लास के साथ कुड नृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक उनके साथ नृत्य करते नजर आए। इसके बाद हिमाचल प्रदेश से आए प्रेम चन्द्र बाउली और साथी कलाकारों ने शादी-विवाह, मेला, त्यौहारों जैसे उत्सवों पर किया जाने वाला नृत्य सिरमौर नाटी की प्रस्तुति दी। असम के बापूजी कनवार व दल द्वारा बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। सुरेन्द्र सिंह एवं दल ने पारंपरिक गीतों और तालों के साथ हरियाणा के फाग नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कंवलजीत सिंह एवं साथी कलाकारों द्वारा झूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर पंजाब के लोककथाओं और ऐतिहासिक घटनाओं का जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। झूंसी में बने सांस्कृतिक मंच पर यश मिश्रा के निर्देशन में नाटक 'शबरी की प्रतीक्षा' का मंचन हुआ।

आसिफ अली द्वारा लिखित नाटक ह्यसमुद्र मंथनह्ल का मंचन चित्तरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के कलाकारों ने शानदार अभिनय करके दर्शकों को अभिभूत किया।

## मंत्री पशुधन धर्मपाल सिंह ने किया महाकुंभ 2025 में आयोजित पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी का किया उदघाटन

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 प्रयागराज में आयोजित कैबिनेट बैठक के पश्चात मंत्री पशुधन श्री धर्म पाल सिंह द्वारा पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। स्टाल का अवलोकन करते समय माननीय मंत्री द्वारा पशुपालकों की आय बढ़ाने की योजनाएं लागू करने हेतु विभाग की सरहाना की गई। वहीं विभिन्न गोशालाओं और स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए। गो उत्पाद जैसे गो पेंट गो कास्ट, वर्मी कम्पोस्ट आदि के बारे में मंत्री जी द्वारा विशेष रूचि दिखाई गई और निर्देश दिये गये कि गाय से बने उत्पादों के विषय में जागरूकता अभियान चलाया जाए और सभी निराश्रित गोशालाओं को स्वावलंबन के रास्ते की तरफ अग्रसर किया जाऐ इस मौके पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ योगेन्द्र सिंह पवार, अपर निदेशक प्रयागराज डॉ राजीव वशिष्ठ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस एन यादव, प्रादेशिक नोडल अधिकारी डॉ नीलम बाला, डॉ.संजीव सिंह, डॉ. विनय द्विवेदी तथा पशुपालन विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे



## डीएम ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





### जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापिका की सेवा समाप्त करने एवं शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करने के दियें निर्देश

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास** खण्ड मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 06 शिक्षक/शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापक सत्य नारायण यादव, स0अ0 श्रीमती निकिता केसरवानी, स0अ0 श्रीमती रितिका सिंह, स0अ0 राम करण एवं स0अ0 आमिर उबैद सहित 05 शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। श्रीमती मालती कुशवाहा( शिक्षामित्र) बिना सूचना के अनुपस्थित पायी गयीं। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बनाने की तैयारी की जा रही थी। विद्यालय में कुल नामांकन 255 के सापेक्ष 65 छात्र उपस्थित पाये गये। छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दियें। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षामित्र का निरीक्षण तिथि का मानदेय अवरूद्ध करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 03 शिक्षक/शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुचिता कुशवाहा एवं स0अ0 नरेश कुमार सहित 02 शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। सहायक अध्यापिका श्रीमती अलका बिना किसी सूचना के बुधवार से लगातार अनुपस्थित चलने के कारण जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापिका की सेवा समाप्त करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बनाने की तैयारी की जा रही थी। विद्यालय में कुल नामांकन 155 के सापेक्ष 55 छात्र उपस्थित पाये गये

। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने जाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापिका को दियें।

## लईमऊ उच्च प्राथमिक संविलयन विद्यालय में भव्य वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न हुआ



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज ।** विकासखंड होलागढ़ के प्राथमिक विद्यालय में मुख्य रूप से खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल जी शर्मा, शिक्षक संघ के ब्लाक मंत्री प्रेमचंद पटेल, एआरपी आशुतोष कुमार एवं एआरपी रूचि श्रीवास्तव के साथ - साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों तथा ग्रामीणों ने प्रतिभाग लिया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका एवं वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट एवं माल्यार्पण कर खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल जी शर्मा का स्वागत किया। बच्चों द्वारा अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये पुरस्कार वितरण में प्रतिभागियों एवं खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को लंच बॉक्स, पेंसिल बाक्स एवं नोटबुक देकर पुरस्कृत किया गया अपने उद्बोधन में बीईओ ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका एवं समस्त स्टाफ को अच्छे आयोजन के लिए साधुवाद दिया अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों को सरकार विशेष सुविधाओं से आच्छादित कर रही है जिसमें सुविधा संपन्न परिसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया जा रहा है जिसका लाभ उन्हें निश्चित रूप से लेना ही चाहिए।

## ओवरलोड 2 वाहनों को किया सीज

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी। अ**वैध खनन एवं ओवरलोड के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थानाध्यक्ष कड़ाधाम मय हमराह पुलिस बल द्वारा एआरटीओ कौशाम्बी के साथ वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम अलीपुरजीता नहर पुलिया थाना कड़ाधाम पर एक अदद डम्फर व एक ट्रक के चालकों को चेक किया गया। वाहन पर लदे ओवरलोड मोरम के सम्बन्ध में प्रपत्र मांगा गया तो कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके और न ही उपरोक्त वाहन से सम्बन्धित कोई कागजात प्रस्तुत किये। इस पर एआरटीओ व थानाध्यक्ष कड़ाधाम द्वारा दोनो वाहनो का 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत चालान कर विधिक कार्यवाही की गयी। सीज वाहन डम्फर नं0 यूपी 70 के टी 5024 है। इसमें ओवर लोड बालू लदा हुआ था ट्रक नं0 यूपी 73 अ 6327 ट्रक में भी ओवर लोड बालू लदा हुआ था।

## चोरी की कर को कोलकाता ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**कौशांबी। ईडीएम** बैरियर पर चेकिंग करते समय पुलिस ने एक युवक को चोरी की कार के साथ शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कार दिल्ली से चुराई थी, जिसे वह कोलकाता के पुकुर स्थित अपने घर ले जा रहा था। उसके पास से दो मोबाइल भी बरामद हुए हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस बूथ पर शुक्रवार रात कौशांबी पुलिस की टीम चेकिंग कर रही थी।

## जी डी ए ने हरनंदीपुरम के लिए चिह्नित गांव से हटवाया अतिक्रमण

**गाजियाबाद। हरनंदीपुरम योजना के लिए चिह्नित गांवों का शनिवार को जीडीए वीसी अ**तुल वत्स ने टीम के साथ दौरा किया। मोरटा और आसपास के गांवों में हो रहे अवैध निर्माण पर उन्होंने नाराजगी जताई और जोनल अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान एक अवैध निर्माण पर तीन बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई हरनंदीपुरम योजना 501 हेक्टेयर में विकसित की जा रही है। इसमें हरित क्षेत्र, आधुनिक आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जीडीए वीसी ने कहा कि अवैध निमार्णों और अव्यवस्थित शहरीकरण को रोकने के लिए जीडीए दृढ़ है।

## मंत्री ने सस्पेंड कराया, मामला ठंडा पड़ा तो शुरू हो गए बहाली के प्रयास

**कन्नौज। जिला अ**स्पताल में भ्रष्टाचार के आरोप में सस्पेंड चल रहे नेत्र परीक्षण अधिकारी असीम कटियार ने अपनी बहाली के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## नवाबगंज थाना, एसओजी गंगापार, सर्विलांस सेल की कामयाबी

## युवक को गिरफ्तार कर अपहृता को किया बरामद



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। न**वाबगंज थाना और एसओजी, सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर मुकदमें से सम्बन्धित अपहृत पीड़ित महिला को सकुशल बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि थाना नवाबगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0-37/2025 धारा-140(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र भोनी उर्फ रामजीत निवासी समसपुर मोतीलाल का पुरा, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज व एसओजी, सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम ने बुधवार को नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कौड़िहार बाजार स्थित सीएचसी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृत पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सुखचैन तिवारी, प्रभारी एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल गंगानगर, उ0नि0 कम्बोद सिंह, उ0नि0 शिव प्रसाद वर्मा, हे0का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 रविन्द्र यादव, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।



## बीजिंग ने ढाका को चीनी ऋण चुकाने के लिए 10 साल और दिए

एजेंसी

**ढाका/बीजिंग।** चीन ने बंगलादेश के ऋण भुगतान की अवधि को एक और दशक तक बढ़ाने के के अनुरोध पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया है कि वह बंगलादेश विदेश सलाहकार तौहिद हुसैन और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में बातचीत के बाद ब्याज दर को 1फीसदी तक कम करने के ढाका के अनुरोध पर विचार करेगा। जापान, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के बाद चीन बंगलादेश का चौथा सबसे बड़ा ऋणदाता है, जिसका 1975 से अब तक वितरित कुल ऋण 7.5 अरब डॉलर है।बंगलादेश के विदेशी ऋण भुगतान को आसान बनाने के लिए वार्ता बीजिंग के डियाओयुताई राज्य अतिथि गृह में आयोजित की गई।



## मार्को रुबियो बने अमेरिका के 72वें विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** वर्ष 2011 से फ्लोरिडा से सीनेटर मार्को रुबियो को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार के विदेश मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। श्री रुबियो पहले संघीय अधिकारी हैं जिसे वेंस ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने मार्को रुबियो को विदेश मंत्री के पद के लिए नामित किया था, जो भारत समर्थक और चीन विरोधी माने जाते हैं, उन्हें सोमवार को सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुन लिया गया। श्री रुबियो पहले अधिकारी हैं, जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में चुना गया है। श्री मार्को रुबियो सहित सभी 99 सीनेटरों ने उनके पद की पुष्टि के लिए मतदान किया। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो सीट से इस्तीफा देने के बाद, सीनेट में वर्तमान में एक पद खाली हो गया है। श्री मार्को रुबियो, जो 2011 से सीनेट में फ्लोरिडा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, चीन के प्रति सख्त रुख रखते हैं और यही वजह है, कि चीन ने उनके ऊपर दो-दो बार प्रतिबंध लगाए हैं। उनका जन्म मियामी में क्यूबा के अप्रवासियों के घर हुआ था और वह लंबे समय से विदेशी मामलों में सक्रिय हैं। श्री रुबियो ने पहले एक विधेयक पेश किया था, जिसमें भारत को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और सुरक्षा के मामले में अमेरिका का प्रमुख सहयोगी माना जाना था। जापान, इजराइल, दक्षिण कोरिया और नाटो सदस्य अमेरिका के प्रमुख सहयोगी हैं।

## तुर्की के स्की रिसॉर्ट के होटल में आग लगने से 66 लोगों की मौत

**बोलू।** उत्तरी तुर्की के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट के एक होटल में भीषण आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। अनादोलू एजेंसी के अनुसार, बोलू के गवर्नर अब्दुलअज़ीज़ आयदीन ने कहा कि आग होटल के एक रेस्तरां में मंगलवार सुबह 3-57 बजे पर लगी और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। पड़ोसी शहरों से आपातकालीन टीमें, जिनमें अग्निशामक, आपदा प्रतिक्रिया इकाइयां और हेलीकॉप्टरों द्वारा समर्थित चिकित्सा टीमें शामिल थीं, को घटनास्थल पर भेजा गया और लगभग 230 मेहमानों को होटल से निकाला गया। दिन भर आग बुझाने का काम जारी था। न्याय मंत्री यिलमाज़ टुनक ने कहा कि अधिकारियों ने घटना के संबंध में एक न्यायिक आयोग का गठन किया है।

## श्रीलंका में भारी बारिश से 20 हज़ार लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में सुबह तक भारी बारिश के कारण हुई प्राकृतिक आपदाओं से 20 हजार से अधिक श्रीलंकाई प्रभावित हुए हैं। श्रीलंका के सिंचाई विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों



में भारी बारिश के कारण 73 प्रमुख जलाशयों में से 55 सोमवार रात तक लबालब भर गए थे। उत्तर मध्य और उत्तर पश्चिमी प्रांत सबसे अधिक प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने उम्मीद जतायी है कि एक-दो दिन में बारिश कम होने लगेगी।

# बर्थराइट पॉलिसी बदलने के ट्रम्प के आदेश के खिलाफ अमेरिका के 22 राज्य, मुकदमा दायर

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बर्थराइट पॉलिसी बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह पॉलिसी अमेरिका में जन्मे बच्चों को उनके माता-पिता के इमिग्रेशन स्टेटस को नजरअंदाज कर नागरिकता की गारंटी देती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के साथ जारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जो अमेरिकी संविधान में बर्थराइट पॉलिसी को बदलने की बात करता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बर्थराइट पॉलिसी को लेकर दी गई मंजूरी कानूनी अड़चनों में फंसती दिख रही है। ट्रम्प ने देश की बर्थराइट पॉलिसी की यह कहते हुए आलोचना की थी कि यह नीति अवैध आव्रजन को प्रोत्साहित करती है। इसी वजह से दोबारा सत्ता में आते ही ट्रम्प ने इस नीति को बदलने संबंधी आदेश जारी कर दिए।

**कौन-कौन से राज्य हैं खिलाफ**

ट्रम्प के आदेश के साथ अमेरिका सहित दुनिया भर में



हलचल मच गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के आदेश के खिलाफ कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और सैन फ्रांसिस्को के साथ 18 राज्यों ने फेडरल अदालत में मुकदमा कर दिया है। न्यू जर्सी और दो शहरों के साथ कैलिफोर्निया, मैसाचुसेट्स, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, मेन, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, उत्तरी कैरोलिना, रोड आइलैंड, वर्मोंट और विस्कॉन्सिन भी ट्रम्प के आदेश के खिलाफ मुकदमे में शामिल हुए हैं। न्यू जर्सी के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल मैट प्लैटकिन ने कहा कि राष्ट्रपतियों के पास व्यापक शक्तियां होती हैं लेकिन वे राजा नहीं होते।

**कानूनी चुनौतियों का सामना करेंगे: व्हाइट हाउस**

मुकदमा दायर होने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि वह अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार है। इन मुकदमों को वामपंथी प्रतिरोध का विस्तार बताया।

**अमेरिका की बर्थराइट पॉलिसी क्या है**

1868 में किए गए अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के मुताबिक, देश में पैदा हुए सभी बच्चों को जन्मजात नागरिकता दी जाती है। संशोधन का मकसद पूर्व में देश में गुलाम बनाए गए लोगों को नागरिकता और समान अधिकार देना था। संविधान के मुताबिक, अमेरिका में जिन बच्चों का जन्म हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन वो अमेरिका और जिस भी राज्य में पैदा हुए वहां के नागरिक बन जाते हैं। इस नीति के अंतर्गत विदेशी राजनयिकों के बच्चों को छोड़ कर अमेरिका में पैदा हुए लगभग सभी व्यक्तियों को शामिल किया गया है। क्या है ट्रम्प का आदेशट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि बर्थराइट पॉलिसी में गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के बच्चों को बाहर रखा जाना चाहिए और उन्हें जन्मजात नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प का आदेश अमेरिका में जन्मे किसी भी बच्चे को 14वें संशोधन के तहत नागरिकता प्रदान करने को चुनौती देता है।

## भूकंप से हिला ताइवान, भारत के लेह में भी लगे झटके

एजेंसी

**ताइपे।** दक्षिणी ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से लोग दहल गए। ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दक्षिणी ताइवान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 दर्ज की गई। इससे तमाम घर और सड़कें ढह गईं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ताइपे टाइम्स की खबर में स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि कुल 26 लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्हें सुबह अस्पतालों में भेजा गया है। भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी के दापू टाउनशिप के सिसिंग गांव में था। सिसिंग गांव में भारी क्षति हुई है। गांव में प्रवेश करने वाली सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने कहा कि आठ लोग ताइनान और चियाई शहर की इमारतों के अंदर फंसे हुए थे। उन्हें बचा लिया गया है।

ताइनान फायर ब्यूरो ने कहा कि नानसी जिले में एक मंजिला तमाम घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान बचाए गए 11 निवासियों में से चार लोग घायल हो गए। सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा, भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी हॉल से 37.9 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में 9.7 किमी की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता चियाई काउंटी में सबसे अधिक रही। पड़ोसी ताइनान के साथ काऊशुंग में भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई। ताइनान के मेयर हुआंग वेई-चे ने क्षेत्र का दौरान हालात का जायजा लिया। भूकंप के कारण आज स्कूलों में छुट्टी रद्द कर दी गई ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ने भूकंप के बाद मध्य और दक्षिणी ताइवान में कई कारखानों से अपने कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया। दक्षिणी ताइवान साइंस पार्क ब्यूरो ने कहा कि भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर पार्क में उद्योगों को बंद कर दिया गया।

## क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक, भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की अमेरिकी समकक्ष व एनएसए के साथ द्विपक्षीय बैठक

एजेंसी

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद क्वाड के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई जिसमें अमेरिका के नवनियुक्त विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। जापान की तरफ से ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया।

चार देशों के समूह क्वाड का उद्देश्य इंडो पैसिफिक क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि, हम चारों देशों का दृढ़ विश्वास है कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष?ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा, भारत-प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि को दर्शाता है। हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करते हैं जो बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति



को बदलने का प्रयास करती है। साथ ही कहा, हम बढ़ते खतरों के बावजूद क्षेत्रीय समुद्री,आर्थिक और तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। हमारी चर्चाओं में बड़े पैमाने पर सोचने, एजेंडे को मजबूत करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई। आज की बैठक साफ संदेश देती है कि अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में क्वाड वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बना रहेगा। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद अमेरिका के नव नियुक्त विदेश मंत्री रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज की डॉ. जयशंकर के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक हुई। करीब एक घंटे चली बैठक में अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा मौजूद थे।

# इजराइली सेना प्रमुख का इस्तीफे का ऐलान, हमास हमले की विफलता की ली जिम्मेदारी

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने अपने इस्तीफे का ऐलान किया। उन्होंने रक्षा मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि वह 06 मार्च को अपने पद से हटने का इरादा रखते हैं। हलेवी ने 2023 में दक्षिण इजराइल पर हमास के हमले को रोकने में सेना की विफलता की जिम्मेदारी ली है। आईडीएफ के प्रमुख हर्जी हलेवी ने कहा कि वह हमास हमले की जांच को 06 मार्च तक पूरा करेंगे और सेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सेना की अगली पीढ़ी के लिए नेतृत्व को सुचारू रूप से सौंपने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी। इस निर्णय के दौरान इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम लागू हो चुका है। समझौते के तहत दोनों पक्षों ने बंधकों की रिहाई का आदान-प्रदान किया है। हमास ने



तीन इजराइली नागरिकों को रिहा किया, जबकि इजराइल ने 90 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ दिया।हलेवी का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब इजराइल अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की तैयारी कर रहा है। उनका यह कदम सेना में नेतृत्व परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गाजा में इजराइल और हमास के बीच इस साल 19 जनवरी से युद्ध विराम लागू है। युद्ध विराम समझौते के तहत हमास ने तीन इजराइली बंधकों को रिहा किया। जिसके बदले में इजराइल की तरफ से 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया था।

## येओल ने संवैधानिक न्यायालय से मांगी माफी, कहा- कुछ गलत नहीं किया

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में हाल ही में औपचारिक तौर पर गिरफ्तार राष्ट्रपति यून सुक येओल आज संवैधानिक न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। वह तीन दिसंबर को मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा कर राजनीतिक और कानूनी उलझनों में फंस चुके हैं। नेशनल असेंबली उनके खिलाफ 14 दिसंबर को महाभियोग प्रस्ताव पारित कर चुकी है। संवैधानिक न्यायालय को यह फैसला करना है कि महाभियोग चलाया जाए या नहीं। येओल ने न्यायाधीशों से माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया।द कोरिया टाइम्स के अनुसार येओल ने महाभियोग मुकदमे में अपना बचाव किया और इस रुख को दोहराया कि उनका मार्शल लॉ लगाना शासन का एक कार्य था। इस प्रकार उन्होंने संविधान का उल्लंघन नहीं किया। दक्षिण कोरिया के इतिहास में यह पहली बार है कि देश के मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से महाभियोग परीक्षण की सुनवाई में हिस्सा लिया। भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने विद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों पर पूछताछ के लिए उन्हें 15 जनवरी को हिरासत में लिया था। उन्हें सियोल डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। येओल की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि राष्ट्रपति का मार्शल लॉ डिक्री में किसी भी आदेश को लागू करने का कोई इरादा नहीं था। अभियोजन पक्ष की भूमिका निभाते हुए नेशनल असेंबली ने तर्क दिया कि येओल ने संविधान का उल्लंघन किया है। येओल के वकीलों ने कहा कि पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून ने मार्शल लॉ डिक्री के प्रारंभिक संस्करण का मसौदा तैयार किया। उसे बाद में यून ने संशोधित किया।

# पुतिन और शी जिनपिंग के बीच फोन पर बातचीत, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच बढ़ते सहयोग और साझेदारी पर चर्चा की। उन्होंने व्यापार, ऊर्जा और वैश्विक स्थिरता के मुद्दों पर अपने संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं की यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में नई सरकार ने कार्यभार संभाला है। बातचीत में पुतिन और शी ने वैश्विक बहुध्रुवीय व्यवस्था को बढ़ावा देने और सुरक्षा में सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। विशेष रूप से, चीन रूस का प्रमुख ऊर्जा उपभोक्ता बन गया है और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच एक महत्वपूर्ण तकनीकी भागीदार के रूप में उभरा है। शी के साथ फोन पर बातचीत को लेकर पुतिन ने कहा कि



रूस-चीन संबंध साझा हितों, समानता और आपसी लाभों पर आधारित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये संबंध अंदरूनी राजनीतिक कारकों और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल पर निर्भर नहीं है। पुतिन ने कहा कि 'हम एक समान बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के विकास का समर्थन करते हैं और यूरेशिया व पूरी दुनिया में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं। रूस-चीन संबंध समानता और आपसी लाभ पर आधारित हैं और यह बाहरी दबावों से प्रभावित नहीं होते।शी जिनपिंग ने भी

> **इस दौरान दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच बढ़ते सहयोग और साझेदारी पर चर्चा की।**

दोनों देशों के आपसी सहयोग की सराहना करते हुए इसे वैश्विक विकास और स्थिरता में महत्वपूर्ण बताया। यह वार्ता संकेत देती है कि दोनों देश अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

# अमेरिका के बाहर निकलने के बाद चीन ने डब्ल्यूएचओ के प्रति जताया दृढ़ समर्थन

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रति अपना दृढ़ समर्थन व्यक्त किया है। चीन की ओर से यह अभिव्यक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के निकाय से बाहर निकलने की घोषणा के बाद आई है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को अपने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद डब्ल्यूएचओ से अमेरिका को अलग करने की प्रक्रिया शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने कोविड-19 संकट से ठीक से नहीं निपटने और सुधारों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य निकाय से अलग किया। पांच साल से भी कम समय में दूसरी बार अमेरिका ने विश्व निकाय से बाहर निकलने का आदेश दिया है।

ट्रम्प के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन अपने कर्तव्यों को पूरा करने में विश्व स्वास्थ्य निकाय का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में, डब्ल्यूएचओ वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन में एक केंद्रीय समन्वय भूमिका निभाता है, और इसकी भूमिका को मजबूत किया जाना चाहिए, न कि कमजोर किया जाना चाहिए। गुओ ने कहा कि चीन हमेशा की तरह अपने कर्तव्यों को पूरा करने में डब्ल्यूएचओ का समर्थन करेगा, अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग को गहरा करेगा, वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन को मजबूत करेगा और सभी के लिए स्वास्थ्य के वैश्विक समुदाय के निर्माण को बढ़ावा देगा।

दूसरी ओर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी से हटने की संयुक्त राज्य अमेरिका की घोषणा पर खेद व्यक्त किया और अमेरिकियों सहित दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा में डब्ल्यूएचओ के महत्व पर जोर दिया है। साथ ही फैसले पर पुनर्विचार करने की उम्मीदजताई।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने एक्स पर बयान जारी कर कहा- विश्व स्वास्थ्य संगठन को इस घोषणा पर खेद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका संगठन से बाहर निकलने का इरादा रखता है। डब्ल्यूएचओ बीमारी के मूल कारणों को संबोधित करके, मजबूत निर्माण करके अमेरिकियों सहित दुनिया के लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य प्रणालियाँ, और बीमारी के प्रकोप सहित स्वास्थ्य आपात स्थितियों का पता लगाना, रोकना और प्रतिक्रिया करना, अक्सर खतरनाक स्थानों पर जहां अन्य लोग नहीं जा सकते।

# नेपाल के वीरगंज में चीनी दूतावास के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया

एजेंसी

**वीरगंज।** भारत की सीमा सटे नेपाल के वीरगंज शहर में चाइनीज दूतावास के अधिकारियों ने तराई के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। भारत की सीमा से इतनी करीब आकर नेपाली छात्र-छात्राओं को चाइना-नेपाल की दोस्ती का पाठ पढ़ाने की कोशिश भारतीय जनमानस को सशंकित कर दिया है।जानकारो का मानना है,कि चीन भारत से सटे नेपाली इलाके में अपना प्रभुत्व बढाना चाह रहा है। जो भारत के लिए खतरा साबित हो सकता है।

सीमा क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों ने बताया कि सुरक्षा एंजेसियो को ऐसे कार्यक्रम पर नजर रखने की जरूरत है। यह कार्यक्रम नेपाल-चीन दोस्ती को बढ़ावा देने के नाम पर पर्सा और बारा जिले में आयोजित किये गये। जिसमे 9 स्कूलों के करीब 1,000 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेपाल-चीन की बढ़ती



मित्रता का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से किया गया। साइकिल वितरण के दौरान चीन का राष्ट्रगान भी बजाया गया और साइकिलों पर चीन के झंडे लगाए गए। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर किया गया। कार्यक्रम में नेपाल में चीनी दूतावास के काउंसलर वाड़ सिन, चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट के कंट्री हेड चौ चिछयाड़ और अन्य चीनी अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, कार्यक्रम में वीरगंज महानगरपालिका के उप मेयर इम्तेयाज आलम के साथ-साथ कई नेपाली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। जानकारो ने बताया कि पूर्व में चाइनीज कार्यक्रमों में स्थानीय नेताओं की सहभागिता नहीं होती थी, अब इनके कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि बनकर चीन के प्रति सकारात्मक रूख दिखाने की कोशिश हो रही है। हाल ही में, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जब चीन गये थे तो उसमें वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल को भी शामिल किया गया था।

## ईरान ने उत्तर, पश्चिमी सीमाओं के पास सैन्य किया अभ्यास

**तेहरान।** ईरान ने तीन उत्तर-पश्चिमी प्रांतों अर्दबील, पूर्वी अजरबैजान और पश्चिमी अजरबैजान के सीमा रक्षकों की भागीदारी के साथ एक बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू किया।

ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बुधवार को बताया कि ईरान ने अपने पूर्वी अजरबैजान प्रांत के जोल्फा सीमा क्षेत्र में एक सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह क्षेत्र आर्मेनिया और अज़रबैजान की सीमाओं से सटा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास का उद्देश्य, तीन उत्तर-पश्चिमी प्रांतों, अर्दबील, पूर्वी अजरबैजान और पश्चिमी अजरबैजान के सीमा बलों के बीच समन्वय को बढ़ाना और उनकी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना है। जोल्फा सीमा क्षेत्र में आयोजित सैन्य अभ्यास के दौरान ईरान के पुलिस प्रमुख अहमद-रज़ा रदान ने इस आयोजन का उद्देश्य स्पष्ट किया।

उन्होंने बताया कि यह अभ्यास जोल्फा के सामरिक फायरिंग रेंज में परिचालन तैयारी को बेहतर बनाने के लिए आयोजित किया गया है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि ईरानी सुरक्षा बल सीमा क्षेत्रों में हर प्रकार की गतिविधि पर लगातार नजर बनाए रखते हैं और इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं।

# नेपाल में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए विदेशी पर्वतारोही को चुकाने होंगे 15 हजार अमेरिकी डॉलर

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल सरकार की तरफ से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई परमिट शुल्क बढ़ाने का फैसला किया गया है। 8000 मीटर से ऊंची सभी चोटियों पर चढ़ने का परमिट शुल्क में बढ़ोतरी की गयी है। 8 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक के फैसले को नेपाल के राजपत्र में प्रकाशित करने के बाद 1 सितंबर 2025 से बढ़े हुए शुल्क लागू किए जाने की बात का उल्लेख है। नेपाल गैजेट्स के प्रकाशित संशोधित परमिट शुल्क के साथ ही इस संबंध में बदलाव किए गए सभी नियमों को विस्तार से बताया गया है।

नए संशोधित मूल्य के बारे में पर्यटन मंत्रालय ने पत्रकार सम्मेलन कर सार्वजनिक किया है। मंत्रालय के प्रवक्ता इंदु घिमिरे ने कहा कि संशोधित पर्वतारोहण नियमों के तहत, वसंत ऋतु (मार्च-मई) में सामान्य दक्षिण मार्ग से एवरेस्ट पर चढ़ने वाले विदेशियों के लिए रॉयल्टी शुल्क को वर्तमान 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति से बढ़कर 15,000 कर दिया गया है। इसी तरह शरद ऋतु का मौसम (सितंबर-नवंबर) चढ़ाई शुल्क 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़ा कर 7,500 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। हो गया है। ऐसे ही सर्दियों (दिसंबर-फरवरी) और मानसून (जून-अगस्त) के मौसम के लिए प्रति व्यक्ति परमिट शुल्क 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढा कर 3,750 अमेरिकी डॉलर हो गई है। पिछली बार रॉयल्टी शुल्क संशोधन 1 जनवरी 2015 को किया गया था,



जब सरकार ने सामान्य मार्ग से वसंत ऋतु के मौसम के लिए समूह-आधारित प्रणाली से 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति पर्वतारोही किया गया था। दस वर्ष बाद एक बार फिर से इसमें संशोधन किया गया है। नेपाली पर्वतारोहियों के लिए, वसंत चढ़ाई के मौसम के दौरान सामान्य मार्ग के लिए रॉयल्टी शुल्क 75,000 रुपये से दोगुना होकर 150,000 रुपये हो गया है। चढ़ाई परमिट, जो पहले 75 दिनों के लिए मान्य था, अब 55 दिनों तक सीमित होगा। कम वैधता का उद्देश्य चढ़ाई गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है। संशोधित नियमों के अनुसार, आगामी वसंत ऋतु से, एवरेस्ट पर्वतारोहियों को उचित निपटान के लिए अपने अपशिष्ट को आधार शिविर में वापस लाने की आवश्यकता होगी। ऊपरी पहुंच में अपशिष्ट एकत्र करने के लिए पर्वतारोहियों को बायोडिग्रेडेबल बैग ले जाना अनिवार्य बनाया गया है।

नए नियमों के अनुसार, पर्वतारोहियों को पर्यटन विभाग द्वारा जारी अपने परमिट दस्तावेज में सूचीबद्ध नहीं होने वाली वस्तुओं को ले जाने से रोक दिया गया है। 8,000 मीटर से ऊपर के पहाड़ों से पैराग्लाइडिंग की अनुमति दी गई है। इसके लिए सुरक्षा के सभी मानकों का पालन अनिवार्य बनाते हुए गाइड के साथ होने को भी अनिवार्य शर्त बनाया गया है।

# हिमाचल के दिल मनाली में पर्यटन विकास पर व्यय होंगे 150 करोड़ रुपये: ठाकुर सुखविंद्र



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मनाली की मनु रंगशाला में दीप प्रज्जवलित कर पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव (विंटर कार्निवल)-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मनाली सहित कुल्लू जिलावासियों को नववर्ष एवं शरदोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए मां हिडिम्बा से सभी की सुख-समृद्धि की कामना भी की। उन्होंने कहा कि हिमाचल की कला, संस्कृति एवं परम्पराएं ही हमारी पहचान हैं और प्रदेश की समृद्ध विरासत भी हैं। इस तरह के आयोजन इस विरासत को संजोए रखने एवं आगामी पीढ़ियों तक ले जाने में अपनी सार्थक भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वे तीसरी बार विंटर कार्निवल में भाग लेने पहुंचे हैं और इस आयोजन के प्रति लोगों विशेषतौर पर पर्यटकों का उत्साह देखने लायक है। उन्होंने कहा कि पहले जहां यह आयोजन एक या दो जनवरी से शुरू होता था, वहीं अब इसे 20 जनवरी से आयोजित किया जा रहा है, ताकि नववर्ष के अलावा भी पर्यटकों का आगमन यहां बना रहे। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मनाली हिमाचल का दिल है और इस विश्वविख्यात पर्यटन नगरी में पर्यटन ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार विशेष प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि एशियन ड्वल्पमेंट बैंक की ओर प्रदेश के लिए स्वीकृत पर्यटन विकास परियोजना की शुरूआत देश की पर्यटन नगरी मनाली से की गई है। यहां पर वेलनेस सेंटर स्थापित करने के अलावा नग्गर कैसल के पुनर्रूद्धार, आईस स्केटिंग रिंक, रोलर स्केटिंग रिंक सहित मनाली विधानसभा क्षेत्र में अन्य पर्यटन गतिविधियां इसमें शामिल की गई हैं, जिन पर लगभग 150 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनाली शहर में पर्यटकों को सुगम सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा यातायात जाम जैसी स्थितियों से निपटने के लिए भी कार्य योजना तैयार की गई है।

उन्होंने स्थानीय विधायक की मांग पर मनाली के प्रवेश द्वार पर यातायात जाम से निपटने के दृष्टिगत रांगड़ी से वाम तट को जोड़ने के लिए पुल निर्माण को 15 करोड़ रुपए स्वीकृत करने, कलाथ में गर्म पानी के स्त्रोतों की उपलब्धता के दृष्टिगत यहां हॉट वाटर बाथ सुविधा, नेचर पार्क इत्यादि विकसित करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त विंटर कार्निवल की शोभा यात्रा में शामिल महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी कर इसे 30 हजार रुपए करने की भी घोषणा की। उन्होंने पारम्परिक वस्त्र सज्जा, पुरातन अनाजों व पाक कला के संरक्षण में इन महिलाओं के योगदान की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्की माऊंटेनियरिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया। महिला वर्ग में साक्षी ठाकुर को पहला स्थान, तेंजिन डोलमा को दूसरा तथा नताशा मेहर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में हीरा लाल को पहला, तेंजिन बौद्ध को दूसरा व गिरिराज को तीसरा स्थान मिला। इस प्रतियोगिता का आयोजन मनाली में शरदकालीन खेलों को तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

## फ्लिपकार्ट और एपीएफबीसी ने वर्कशॉप का आयोजन किया




**गुरुग्राम। भारत के घरेलू** ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने असम प्रोजेक्ट ऑन फॉरेस्ट्स एंड बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन (एपीएफबीसी) के साथ मिलकर एक ओरिएंटेशन एवं ऑनबोर्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का लक्ष्य एपीएफबीसी द्वारा बनाए गए क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) एवं स्वयं सहायता समूहों को फ्लिपकार्ट ह्यसमर्थ ँ प्रोग्राम के बारे में महत्वपूर्ण इनसाइट्स एवं जानकारियां प्रदान करते हुए सशक्त करना, इस प्रोग्राम से उद्यमियों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करना, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का लाभ उठाने में सक्षम बनाना और देशव्यापी बाजार तक पहुंच प्रदान करना है। एपीएफबीसी को समर्थ पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे उत्पादों की बिक्री करते हुए इससे संबद्ध स्वयं सहायता समूहों और सीएलएफ के लिए आजीविका के अवसर सृजित होंगे। इस वर्कशॉप के दौरान असम प्रोजेक्ट ऑन बायोडायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट्स कंजर्वेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री अनुराग सिंह, असम प्रोजेक्ट ऑन डायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट्स कंजर्वेशन के एक्टिविटी डायरेक्टर श्री सनी देव चौधरी, फ्लिपकार्ट के अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इस वर्कशॉप के बारे में फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, असम प्रोजेक्ट ऑन फॉरेस्ट्स एंड बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन के साथ हमारी साझेदारी देशभर में डिजिटल समावेश को बढ़ावा देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य कारीगरों एवं उद्यमियों के लिए सार्थक आर्थिक अवसर सृजित करना और उन्हें ई-कॉमर्स की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम बनाना है। फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम के माध्यम से हम डिजिटल इकोनॉमी और वंचित समुदायों के बीच की दूरी को कम करने और इसके माध्यम से उन्हें सतत आजीविका सृजन एवं विकास में सक्षम बनाने के लिए काम कर रहे हैं। सही टूल्स, गाइडेंस और सपोर्ट के माध्यम से फ्लिपकार्ट लघु एवं मध्यम उद्यमों को समावेशी विकास के भारत के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने में सक्षम बना रहा है।

## प्रदेश में 7 स्थायी लोक अदालतें की जाएगी स्थापित : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**चण्डीगढ़। हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में 7 और स्थायी लोक अदालतों (सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं) की स्थापना हेतु 3 करोड़ 87 लाख से अधिक और जन उपयोगी सेवाओं के लिए 35 लाख रुपए की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।



सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जन उपयोगी सेवाओं के लिए 7 और स्थायी लोक अदालतों की स्थापना के साथ, सभी जिलों में अपनी अलग स्थायी लोक अदालत (जन उपयोगी सेवाएं) होगी। वर्तमान में, फतेहाबाद, जींद, झज्जर, मेवात, नारनौल और पलवल में कैंप कोर्ट आयोजित किए जा रहे हैं। जबकि चरखी दादरी एकमात्र ऐसा जिला है, जहां कोई नियमित/कैंप कोर्ट आयोजित नहीं किया जा रहा है। इसलिए, चरखी दादरी, फतेहाबाद, जींद, झज्जर, मेवात, नारनौल और पलवल जिलों के लिए 7 और स्थायी लोक अदालतों की स्थापना की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालतों (सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं) की स्थापना हेतु 3 करोड़ 87 लाख से अधिक और जन उपयोगी सेवाओं के लिए 35 लाख रुपए (प्रत्येक स्थायी लोक अदालत के लिए 5 लाख रुपये) की राशि को स्वीकृति प्रदान की गइ है। चरखी दादरी, फतेहाबाद, जींद, झज्जर, मेवात, नारनौल और पलवल में अध्यक्षों, सदस्यों और कर्मचारियों के पदों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें इन 7 जिलों में स्थायी लोक अदालत के लिए 7 अध्यक्ष (प्रत्येक स्थायी लोक अदालत के लिए 1 अध्यक्ष), 14 सदस्य ( प्रत्येक स्थायी लोक अदालत के लिए 2 सदस्य), 7 रीडर, 7 स्टेनो टाइपिस्ट, 14 प्रोसेस सर्वर्स और 14 चपरासी के पद है। गौरतलब है कि हरियाणा में 22 जिले हैं। हरियाणा सरकार ने समय-समय पर अंबाला, पंचकूला, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, करनाल, रेवाड़ी, पानीपत, सिरसा, भिवानी, कैथल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और यमुनानगर में 15 स्थायी लोक अदालतों, सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की हुई है।

## 26 जनवरी को किसान ट्रैक्टर मार्च : एमएसपी खरीद गारंटी कानून सहित सभी मांगों को लेकर किसानों का ऐलान

**सिरसा।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर-राजनीतिक और केएमएम के नेतृत्व में किसानों ने 26 जनवरी को देशव्यापी ट्रैक्टर मार्च का आह्वान किया है। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह मार्च दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक साईलोज, टोल प्लाजा, बीजेपी मुख्यालय, मंत्रियों के घरों, शॉपिंग मॉल, और राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर आयोजित किया जाएगा।




लखविंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि सिरसा जिले में भावदीन टोल प्लाजा, खुईया टोल प्लाजा, ओढ़ां से पन्नीवाला, सादेवाला, बनी, दमदमा, और अन्य स्थानों पर किसानों के ट्रैक्टर मार्च के लिए विशेष पॉइंट बनाए गए हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि कोई भी ट्रैक्टर घर में नहीं रहना चाहिए। किसान अपने ट्रैक्टरों पर किसानी झंडे और सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल के पोस्टर लगाकर मार्च में शामिल हों। उन्होंने बताया कि किसान आंदोलन-2 पिछले 344 दिनों से एमएसपी खरीद गारंटी कानून और 12 अन्य मांगों को लेकर जारी है। इस आंदोलन के तहत खनौरी, शंभू और रतनपुर बॉर्डरों पर किसान अपनी मांगों के लिए डटे हुए हैं।

पिछले 57 दिनों से खनौरी मोर्चे पर सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण-अनशन पर हैं और पिछले दो दिनों से सिर्फ डॉक्टरी सहायता ले रहे हैं।

बच्चों ने कविता, रोचक प्रसंग बेसिक शिक्षा मंत्री को सुनाया

## प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री ने महाकुंभ में विद्या कुंभ प्राथमिक विद्यालय का किया शुभारंभ

### ऐसे विद्यालयों के संचालन से श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई नहीं होगी प्रभावित : संदीप सिंह

### महाकुंभ के सभी सेक्टरों में बच्चों के लिए खुले हैं स्कूल : बीएसए




**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने महाकुंभ नगर के सेक्टर- 24 में स्थापि**त विद्या कुंभ प्राथमिक विद्यालय का शुभारंभ आज किया । इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने बेसिक शिक्षा मंत्री का स्वागत, अभिनंदन किया। बेसिक शिक्षा मंत्री ने स्मार्ट कक्षा शिक्षण का अवलोकन किया एवं बच्चों से बातचीत किया।बेसिक शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में नामांकित 100 बच्चों को ड्रेस, जूता - मोजा,पाठयपुस्तक, स्वेटर स्टेशनरी किट एवं टोपी वितरित किया, इससे बच्चों के चेहरे खिल उठे।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में विद्यालय संचालन से विभिन्न जनपदों से आए श्रमिकों के बच्चों को निर्बाध शिक्षा उपलब्ध कराने की विशेष पहल विभाग की ओर से की गयी है। बच्चों ने बेसिक शिक्षा मंत्री को कविता एवं रोचक प्रसंग सुनाया जिसकी बेसिक शिक्षा मंत्री ने सराहना किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि मेले के सभी सेक्टरों में विद्यालयों की स्थापना की गई है एवं विद्यालयों में नामांकित सभी बच्चों के लिए विभाग द्वारा चलाई गई समस्त योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी ने किया । इस अवसर पर खंड शिक्षा शिव अवतार ,नरेंद्र देव मिश्र, क्षमा शंकर पांडे ,कैलाश सिंह,अखिलेश सिंह,अखिलेश वर्मा, प्रदीप सिंह ,दिलीप मिश्रा व विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## 'मोदी की गांरटी का मतलब हर गांरटी पूरा होने की गांरटी', दिल्ली भाजपा ने शेयर किया पोस्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनावी दंगल में पोस्टर वॉर जारी है। दिल्ली बीजेपी ने एक नया पोस्टर जारी कर अपनी गारंटियों को जनता के सामने रखा है। दिल्ली भाजपा ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "मोदी की गारंटी का मतलब है, हर गारंटी पूरा होने की गारंटी" पोस्ट में आगे लिखा, दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। 500 रुपये में सिलेंडर और होली-दीवाली पर 1-1 फ्री दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये और 6 पोषण किट दिए जाएंगे। झुग्गीवालों को 5 रुपये में पौष्टिक भोजन मिलेगा। 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों को 10 लाख रुपये का मुफ्त इलाज, निशुल्क ओपीडी मिलेगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपये का मुफ्त में इलाज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों को 2500 रुपये पेंशन, विधवा, बेसहारा और बुजुर्गों को बतौर पेंशन तीन हजार रुपये मिलेंगे। वहीं भाजपा ने वादा किया है कि मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी और हम दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से लगे हैं।




सभी पार्टियां सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच पोस्टर वार जारी है। भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार को दो पोस्टर शेयर कर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। भाजपा ने पहले पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, "आप-दा वाले 'घोषणा मंत्री' की दिनचर्या देखिए। सुबह सोकर उठना, एक फर्जी घोषणा करना, जिसे कभी ना पूरा करना, बड़ी-बड़ी डींगें हांकना, खुद को ईमानदार और बाकी सभी को चोर बोलना, फिर जाकर करोड़ों के शीश महल में सो जाना।"

वहीं, भाजपा ने दूसरा पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "पिछले 10 सालों में 'आप' ने सिर्फ एक काम किया है, वो है हर एक विभाग को लूटना! 5 फरवरी को दिल्ली की जनता घोटालों का मकड़जाल बनाने वाली आप-दा को उखाड़ फेंकेगी!" बता दें कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान होंगे और आठ फरवरी को नतीजों की घोषणा होगी।

## मंडी समिति सचिव ने रात में व्यापारी के सामान को फेंका, सपा विधायक मनोज पारस ने की कार्रवाई की मांग

**बिजनौर।** नगीना मंडी समिति में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां मंडी समिति के सचिव ने रात के अंधेरे में व्यापारियों की आड़त से सामान फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस मंडी समिति पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान मंडी समिति सचिव और विधायक मनोज पारस के बीच नोकझोंक हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने अपनी बात रखी।



सपा विधायक ने सचिव के इस कृत्य पर कड़ी आपत्ति जताई और उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग को इस तरह से परेशान करना बिल्कुल गलत है, और मंडी समिति प्रशासन को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि इस मामले की जांच की जानी चाहिए और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मंडी समिति सचिव ने इस घटना को किसी तकनीकी गड़बड़ी का परिणाम बताया और आरोपों का

## यूपी एसटीएफ ने एक लाख के इनामी अरशद समेत चार बदमाशों को किया ढेर

**शामली। उत्तर** प्रदेश के शामली में यूपी एसटीएफ और अपराधियों के बीच मध्य रात में मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई के दौरान एसटीएफ ने एक लाख के इनामी अरशद और उसके तीन साथियों मार गिराया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह मुठभेड़ शामली के झिंझाना क्षेत्र में हुई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्य अरशद और उसके तीन साथी मनजीत, सतीश व एक अज्ञात गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, बाद में सभी की मौत हो गई। अरशद सहारनपुर के थाना बेहट से लूट के एक मामले में वांछित था। एडीजी जोन ने उसके ऊपर एक लाख का इनाम भी घोषित किया था। अरशद के ऊपर लूट, हत्या और अन्य समेत सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और हरियाणा में 17 मुकदमे दर्ज थे। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर सुनील को कई गोलियां लगी हैं। उन्हें इलाज के लिए करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें गुरुग्राम के मेदांता रेफर कर दिया गया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार देर रात एसटीएफ मेरठ को गुप्त सूचना मिली थी कि शामली के झिंझाना क्षेत्र में बदमाश लूट के इरादे से जा रहे हैं। इसके बाद एसटीएफ टीम मौके पर पहुंची। एसटीएफ के सूत्रों के अनुसार, टीम ने कार आती देखी, तो उसे रोकने का प्रयास किया।



## नगर निगम के सफाई कर्मचारी अब दिखेंगे वर्दी में

**गाजियाबाद।** पुलिस बल, सेना एवं सुरक्षा बल की तरह ही नगर निगम के यह सफाई कर्मी भी अब आपको वर्दी में लैस मिलेंगे । यह कोई किस कहानी की बात नहीं है बल्कि यह हकीकत में गाजियाबाद नगर निगम में निकट भविष्य में होने जा रहा है। नगर निगम की इस पहल से अब यहां के सफाई कर्मचारियों को एक नई पहचान मिलने जा रही है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम में लगभग 4000 सफाई कर्मचारी कार्यरत है। इन सभी सफाई कर्मचारियों को अब नगर निगम की ओर से वर्दी मुहैया करवाई जाएगी।

वर्दी मिलने के उपरांत निगम के सफाई कर्मचारी वर्दी पहन कर ही ड्यूटी पर जा पाएंगे । बताते चले कि नगर निगम के वसुंधरा विजयनगर मोहन नगर कवि नगर एवं सिटी जोन में सफाई कर्मचारियों नई वर्दी तैयार करवाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

## 3 नये आपराधिक कानूनों के राज्य में क्रियान्वन की समीक्षा

### एसओपी, एडवाइजरी की शत-प्रतिशत पालना के दिए निर्देश

**जयपुर। केन्द्रीय** गृह सचिव गोविन्द मोहन ने सचिवालय में सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक लेकर 3 नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के राजस्थान में क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा इन कानूनों की मूल भावना, इनसे सम्बंधित एडवाइजरी, एसओपी, मैकेनिज्म की शत-प्रतिशत क्रियान्विति के निर्देश दिए।

केन्द्रीय गृह सचिव ने निर्देश दिए कि पुलिस, कारागार, फोरेन्सिक, अभियोजन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा के कार्मिकों को इन कानूनों के प्रावधानों से सम्बंधित प्रशिक्षण समय सीमा में दिलवाना सुनिश्चित करें। राज्य के 70 प्रतिशत पुलिस बल को यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। केन्द्रीय गृह सचिव ने निर्देश दिए कि पोस्को व कम अवधि की सजा वाले प्रकरणों में 60 दिवस तथा जघन्य अपराधों में 90 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करना सुनिश्चित करें। यह अधिकतम समय सीमा है, प्रयास करें कि इस समय सीमा से पहले ही चार्जशीट दाखिल हो जाये। उन्होंने बताया कि एक केस में एफआईआर दर्ज होने से सुप्रीम कोर्ट तक निस्तारण में 3 साल की आदर्श समय सीमा निश्चित की गई है। इन कानूनों का एक बडा लक्ष्य त्वरित और सुलभ न्याय मिलना सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि नये कानूनों के लागू होने के बाद ई-समन अनिवार्य हो गया है। समन तामील करवाने में पुलिस थाने की भूमिका नहीं रही है, एफआईआर के समय ही शिकायतकर्ता, गवाह आदि के वाट्सएप नम्बर, ई-मेल दर्ज कर लें ताकि सम्बंधित न्यायालय सीधे ई-समन जारी व तामील करवा सकें। ई-साक्ष्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए

संरक्षकः संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादकः रिजवान सैफ खान

सह सपांदकः मोहम्मद दानिश फारूकी ,

सह संपादकः राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी